(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

बुद्ध का संदेश

बहुमुखी प्रतिभा के ...8

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सोमवार, 25 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 126 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादकः राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

विकास के लिए पंचायतों की भूमिका अहम, पीएम मोदी बोलेः जम्मू-कश्मीर लिखेगा विकास की नई गाथा

जम्मू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली–अमृतसर–कटरा एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी और सांबा में 108 जन औषधि केंद्रों के साथ पल्ली गांव में 500 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश भर से जुड़े साथियों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की बहुत–बहुत शुभकामनाएं। आज जम्मू–कश्मीर के विकास को गति देने के लिए ये बहुत बड़ा दिन है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न ये भू–भाग मेरे लिए नया है, और न मैं आप लोगों के लिए नया हूं। मैं यहां की बारिकियों से अनेक वर्षों से परिचित रहा हूं। मेरे लिख खुशी की बात है कि आज यहां कनेक्टिविटी और बिजली से जुड़े 20,000 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि आज अनेक परिवारों को गांवों में उनके घर के प्रॉपर्टी कार्ड भी मिले हैं। 100 जनऔषधि केंद्र जम्मू कश्मीर के गरीब और मिडिल क्लास को सस्ती दवाएं, सस्ता सर्जिकल सामान देने का माध्यम बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस बार पंचायती राज दिवस जम्मू कश्मीर में मनाया जाना एक बड़े बदलाव का प्रतीक है। ये गर्व की बात जब लोकतंत्र जम्मू कश्मीर में ग्रास रूट तक पहुंचा है, तब यहां से मैं देशभर की पंचायतों से संवाद कर रहा हूं। नागरिकों को सशक्त बनाने का किया काम ! उन्होंने कहा कि पिछले 2–3 सालों में जम्मू कश्मीर में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। केंद्र के करीब 175 कानून जो यहां लागू नहीं किए जाते थे। हमने जम्मू कश्मीर के हर नागरिक को सशक्त बनाने के लिए उन कानूनों को लागू कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दशकों–दशक से जो बेड़ियां वाल्मीकि समाज के पांव में डाल दी गई थीं, उनसे वो मुक्त हुआ है। आज हर समाज के बेटे–बेटियां अपने सपनों को पूरा कर पा रहे हैं। जम्मू–कश्मीर में बरसों तक जिन साथियों को

आरक्षण का लाभ नहीं मिला, अब उन्हें भी आरक्षण का लाभ मिल रहा है। तेजी से लागू हो रहीं केंद्र की योजनाएं: उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं अब यहां तेजी से लागू हो रही हैं। जिसका सीधा फायदा जम्मू कश्मीर के गांवों को हो रहा है। बिजली कनेक्शन हो, पानी कनेक्शन हो, स्वच्छ भारत अभियान के तहत टॉयलेट्स हो, इसका बड़ा लाभ जम्मू कश्मीर को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत काल यानी आने वाले 25 वर्षों में नया जम्मू कश्मीर विकास की नई गाथा लिखेगा। आजादी के 7 दशकों के दौरान जम्मू कश्मीर में मात्र 17,000 करोड़ रुपए का ही प्राइवेट इंवेस्टमेंट हो पाया था। पिछले 2 साल में ये आंकड़ा 38,000 करोड़ रुपए पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कभी दिल्ली से एक सरकारी फाइल चलती थी, तो जम्मू कश्मीर पहुंचते–पहुंचते 2–3 हफ्ते लग जाते थे। मुझे खुशी है कि आज 500 किलो वॉट का सोलर पावर प्लांट सिर्फ 3 हफ्ते के अंदर यहां लागू हो जाता है, बिजली पैदा करना शुरु कर देता है। उन्होंने कहा कि मैं जम्मू कश्मीर के नौजवानों से कहना चाहता हूं कि आपके माता–पिता, दादा–दादी और नाना–नानी को जिन मुसीबतों के साथ जिंदगी जीनी पड़ी। आपको कभी भी ऐसी जिंदगी जीनी नहीं पड़ेगी, ये मैं आपको करके दिखाऊंगा। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब बनिहाल कांजीगुंड टनल से जम्मू और श्रीनगर की दूरी 2 घन्टे कम हो गई है। ऊधमपुर–श्रीनगर–बारामुला को लिंक करने वाला आकर्षक आर्क ब्रिज भी जल्द देश को मिलने वाला है। दिल्ली –अमृतसर –कटरा हाइवे भी दिल्ली से मां वैष्णो देवी के दरबार की दूरी को बहुत कम करने वाला है। उन्होंने कहा कि आजादी का ये अमृतकाल भारत का स्वर्णिम काल होने वाला है। ये संकल्प सबका प्रयास से सिद्ध होने वाला है। इसमें लोकतंत्र की सबसे जमीनी इकाई, ग्राम पंचायत की, आप सभी साथियों की भूमिका बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश यही है कि गांव के विकास से जुड़े हर प्रोजेक्ट को प्लान करने और उसके अमल मे पंचायत की भूमिका ज्यादा हो। इससे राष्ट्रीय संकल्पों की सिद्धि में पंचायत अहम कड़ी बनकर उभरेगी। पंचायतों को ज्यादा अधिकार देने का लक्ष्य, पंचायतों को सही मायने में सशक्तिकरण का केंद्र बनाने का है। पंचायतों की बढ़ती हुई शक्ति, पंचायतों को मिलने वाली राशि, गांवों के विकास को नई ऊर्जा दे। इसका भी ध्यान रखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गांव में हर स्तर पर बहनों, बेटियों की भागीदारी को बढ़ाना है, उन्हें प्रोत्साहन देना है। भारत की ग्राम पंचायतों के पास फंड्स का एक लोकल मॉडल भी होना चाहिए। पंचायतों के संशोधनों का कार्मशियल इस्तेमाल कैसे किया जा सके, इसका जरूर प्रयास होना चाहिए।

लखीमपुर खीरी हिंसा मामलाः आशीष मिश्रा ने CJM कोर्ट में किया सरेंडर, सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की थी जमानत

नयी दिल्ली। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री

अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा ने सरेंडर किया है। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत को रद्द कर दिया था और उन्हें सरेंडर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था। जिसके तहत आशीष मिश्रा ने रविवार को सीजेएम कोर्ट में सरेंडर किया। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जमानत दे दी थी। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत को रद्द कर दिया था और उन्हें एक सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि इलाहाबाद हाई कोर्ट में पीड़ितों को निष्पक्ष एवं प्रभावी तरीके से नहीं सुना गया, क्योंकि उसने साक्ष्यों को लेकर संकुचित दृष्टिकोण अपनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार नहीं रखा जा सकता है और यह निरस्त करने के लायक है।

देश में पिछले 24 घंटों में दर्ज हुए 2,593 नए मामले, 44 मौतें

नयी दिल्ली। भारत में एक दिन में कोविड–19 के 2,593 नए मामले सामने आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,30,57,545 पर पहुंच गयी जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 15,873 हो गयी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 44 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या 5,22,193 पर पहुंच गयी। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है जबकि कोविड–19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98. 75 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटों में कोविड–19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 794की वृद्धि दर्ज की गयी है। संक्रमण की दैनिक दर 0.59 प्रतिशत दर्ज की गयी और साप्ताहिक संक्रमण दर 0.54 प्रतिशत दर्ज की गयी। इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,25,19,479 हो गयी है जबकि मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है।

गुवाहाटी नगर निगम चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक बढ़त, पीएम मोदी और हिमंत बिस्वा सरमा ने जताया जनता का आभार

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुवाहाटी नगर चुनाव (जीएमसी) परिणामों को लेकर गुवाहाटी के लोगों का आभार जताया। आपको बता दें कि नौ साल के अंतराल के बाद गुवाहाटी नगर चुनाव हुए। जिसमें 57 वार्डो में 197 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। इस चुनाव में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का इस्तेमाल किया गया। पीएम मोदी ने गुवाहाटी के लोगों को आभार जताते हुए कहा कि विकास के एजेंडे पर निर्माण करने के लिए भाजपा को असम में एक शानदार जनादेश दिया गया है, इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं। इसके साथ ही असम के

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ऐतिहासिक जीत के सभी को धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी नगर निगम चुनाव के रुझान भाजपा की जीत को दर्शा रहे हैं, मैं भाजपा की सहयोगियों और गुवाहाटी के लोगों को जीएमसी चुनाव में 58ध्60 वार्डों की ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए धन्यवाद देता हूं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, जीएमसी चुनाव में अब तक 57 में से 43 सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज कर ली है। जबकि 5 सीटों पर आगे चल रही है। जबकि भाजपा की सहयोगी पार्टी अगप (एजीपी) ने 5 सीटें जीती हैं। इसके अतिरिक्त आम आदमी पार्टी का भी खाता खुला है। आम आदमी पार्टी ने 38 उम्मीदवार उतारे थे। जिनमें से एक ही उम्मीदवार को जीत मिली है। गौरतलब है कि जीएमसी चुनाव में भाजपा ने 53 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें से तीन निर्विरोध निर्वाचित हो गए। कांग्रेस ने 54, आप ने 38, असम जातीय परिषदने 25 और माकपा ने 4 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे।

औरंगाबाद और पुणे के बीच 10,000 करोड़ की लागत से बनेगा एक्सप्रेसवे, नितिन गडकरी ने की घोषणा

औरंगाबाद (महाराष्ट्र)। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के औरंगाबाद और पुणे के बीच यात्रा में लगने वाले समय को कम करने के लिए इन दोनों शहरों के बीच 10,000 करोड़ रुपये की लागत से एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाएगा। गडकरी ने यहां राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–52 पर 3,216 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई 86 किलोमीटर लंबी सड़कें देश को समर्पित करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। इस दौरान उन्होंने 2,253 करोड़ रुपये की लागत वाली चार अन्य सड़क परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर गडकरी ने कहा, ''औरंगाबाद और पुणे के बीच की दूरी करीब 225 किलोमीटर है। हम इन दोनों शहरों के बीच 'पहुंच–नियंत्रित एक्सप्रेसवे' बनाएंगे जिस पर कोई मोड़ नहीं होगा और वाहन 140 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकेंगे। इससे दोनों शहरों के बीच यात्रा में लगने वाला समय घटकर सवा घंटा रह जाएगा।'' फिलहाल औरंगाबाद और पुणे के बीच का सफर तय करने में चार से पांच घंटे लगते हैं।

नवनीत राणा और उनके पति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, जमानत पर 29 मई को होगी सुनवाई

मुंबई। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आपको बता दें कि राणा दंपति की जमानत पर 29 मई को सुनवाई होगी। अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, बांद्रा के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की हॉलिडे एंड संडे कोर्ट ने अमरावती से सांसद नवनीत राणा और विधायक रवि राणा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। विशेष लोक अभियोजक प्रदीप घरात ने बताया कि अमरावती से सांसद नवनीत राणा और विधायक रवि राणा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत दी गई है, 6 मई तक वे न्यायिक हिरासत में रहेंगे। 29 अप्रैल को जमानत पर सुनवाई होगी। क्या है पूरा मामला ?: नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा ने मातोश्री के बाहर हुनमान चालीसा पढ़ने का ऐलान किया था। जिसको लेकर शिवसैनिक उनके घर के नीचे एकत्रित हो गए। हालांकि नवनीत राणा अपने घर से बाहर नहीं निकलीं और मातोश्री में हनुमान चलीसा के पाठ को लेकर यूटर्न भी ले लिया। इस संबंध में उन्होंने कहा था कि मुझे लगता है कि मेरा उद्देश्य स्पष्ट तरीके से पूरा हो गया। हम मातोश्री तक नहीं पहुंच पाए परन्तु जो हनुमान चालीसा हम करने वाले थे, वो कई भक्त वहां मातोश्री के सामने हनुमान चालीसा पढ़ रहे हैं। कहीं न कहीं ये सिद्ध होता है कि हमारी आवाज वहां तक पहुंची है।

एक्शन में पाकिस्तान सरकार, शहबाज शरीफ और अन्य हस्तियों के नाम नो फ्लाई लिस्ट से हटाए गए

इस्लामाबाद।पाकिस्तान की नई सरकार ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत कई बड़ी हस्तियों के नाम 'नो–फ्लाई' सूची से हटा दिये हैं। गत सप्ताह मंत्रिमंडल की पहली बैठक में गृह मंत्री राणा सनाउल्ला को 'एग्जिट कंट्रोल लिस्ट' (ईसीएल) की समीक्षा करने के लिये अधिकृत किया गया था। इस सूची में उनका नाम है जिन्हें देश छोड़ने की इजाजत नहीं है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, गृह मंत्रालय ने ईसीएल से उन नामों को हटाने के लिए अधिसूचना जारी करना शुरू कर दिया है, जो बिना किसी ठोस कारण के 120 दिन से सूची में

थे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उनकी पत्नी नुसरत शहबाज, भतीजी मरियम नवाज, पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी, उनके बेटे अब्दुल्ला खाकान और वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल को बिना किसी रोक–टोक के देश से बाहर जाने की अनुमति दे दी गई है। सनाउल्लाह ने शुक्रवार को कहा था कि राजनीतिक प्रतिशोध के लिए ईसीएल में नाम डाले गए। ईसीएल काली सूची में 4,863 लोग औरअस्थायी राष्ट्रीय पहचान सूची (पीएनआईएल) में 30,000 लोग हैं। मंत्री ने कहा था, ''हां, ईसीएल नियमों में संशोधन किया गया है, जिससे सीधे तौर पर 3,500 लोगों को फायदा होगा।

हनुमान चालीसा के मुद्दे पर बोले मल्लिकार्जुन खड़गे, महाराष्ट्र में परेशानी पैदा कर सरकार गिराने की हो रही कोशिश !

नयी दिल्ली। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा और शिवसेना आमने–सामने है। इसी बीच कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि किसी न किसी तरीके से सरकार गिराने की कोशिश की जा रही है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा के मुद्दे पर कहा कि राजनीतिक मुद्दा बनाकर वहां (महाराष्ट्र) जो सरकार काम कर रही है उन्हें परेशान करने की कोशिश है और इन्हें भाजपा का भी समर्थन है। हनुमान चालीसा लोग अपने घर में भी पढ़ सकते हैं, उद्धव ठाकरे के घर के सामने में ही क्यों पढ़ना

है ? इसका तो मतलब किसी न किसी तरीके से वहां पर परेशानी पैदा करना और सरकार गिराने की कोशिश करना है।गृह सचिव को दी हमले की जानकारीः राणा दंपत्ति से पुलिस स्टेशन में मिलने पहुंचे भाजपा नेता किरीट सोमैया पर कथित हमले को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा किरीट सोमैया ने उनके ऊपर हुए कथित हमले की जानकारी केंद्र में गृह सचिव को दी है। उन्होंने बताया कि गृह सचिव ने उन्होंने हमले की रिपोर्ट मांगी है। एक प्रतिनिधि प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाएगा और वहां के अधिकारियों से मुलाकात करेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारी आवाज दबाई जा रही है, उससे लगता है कि उद्धव ठाकरे मनसुख हिरेन (एंटीलिया केस) के साथ जो किया गया था, उसकी तर्ज पर कुछ करने की साजिश रच रहे हैं। मेरे खिलाफ दर्ज एफआईआर फर्जी है। किरीट सोमैया पर बरसे संजय राउत : शिवसेना नेता संजय राउत ने भाजपा नेता पर पलटवार करते हुए कहा कि किरीट सोमैया आईएनएस विक्रांत मामले में आरोपी हैं। उन्होंने देश और जनता को गुमराह किया है। अगर जनता ने ऐसे लोगों के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया है तो भाजपा को इससे दुख नहीं होना चाहिए। ऐसे लोगों को महाराष्ट्र की जनता माफ नहीं करेगी।

विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग,पीड़ित दाने–दाने को मोहताज

आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लगाया बड़ा आरोप

करनैलगंज,गोंडा। दो गांवों के 14 परिवारों के पास तन पर पहने कपड़े को छोड़ कुछ भी नही बचा सब कुछ आग में जलकर राख हो गया। बिजली की शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी से एक ही ग्राम पंचायत के दो अलग अलग मजरों में आग से 14 लोगों घर जलकर राख हो गया। किसी भी घर में कुछ भी अवशेष नही बचा। पहली घटना कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम सकरौरा ग्रामीण के मजरा कुन्नू पुरवा का है। ग्राम प्रधान प्रयागदत्त गुप्ता ने बताया कि यहां बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते तबतक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और एक के बाद एक आशियाने को अपने आगोश में लेने लगी। ग्रामीणों ने अथक प्रयास करके आग पर काबू पाया गया तब तक रामकिशुन, पारसनाथ, दिलीप कुमार, मुनेश्वर व विजय कुमार का घर मय गृहस्थी जलकर राख हो गया। वही दूसरी घटना सरयू डिग्री कालेज के समीप बेलवा सम्मय टेपरा गौशाला की है। यहां भी तेज हवा के झोंकों से बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। ग्रामीण आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे तब तक आग ने अपना उग्र रूप धारण कर लिया। एक के बाद एक घर को अपने आगोश में लेने लगी। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। मगर तब तक राघौराम, भवानी प्रसाद यादव देवीदीन यादव, जवाहिर, ननकऊ, जनकराज, देवीदीन, शिवशंकर, आशाराम एवं गुड्डू का छप्पर का घर मय गृहस्थी जलकर राख हो गया। सूचना पाकर मौके पर मय फोर्स पहुंचे कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने फायर का वाहन बुलाकर आग को पूरी तरह शांत कराया। वहीं नायब तहसीलदार अनीश सिंह व रंजन वर्मा के साथ राजस्व निरीक्षक अवधेश द्विवेदी व हल्का लेखपाल रमेशचंद जांच कर रहे थे। राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार द्विवेदी ने बताया की दोनो गांव मिलाकर कुल 14 घर जले हैं। जिसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।

बारून चौकी के दरोगा ने रिश्वतखोरी के रिकार्ड तोड़े

अयोध्या। जनपद के थाना इनायतनगर अन्तर्गत बारून पुलिस चौकी के वर्तमान इंचार्ज ने रिश्वतखोरी का रिकार्ड तोड़ दिया है यह चर्चा पूरे क्षेत्र में क्षेत्रवासियों के बींच चर्चा का विषय बनकर रह गयी है। लोगों का कहना है कि चौकी पर बिना पैसे के किसी की कोई बात नहीं सुनी जाती। चर्चा तो यह भी है कि चौकी इंचार्ज अमित कुमार दोनों पक्षों से पैंसा लेने के बाद किसी भी पक्ष की ओर से कोई हस्तक्षेप नहीं करता। क्षेत्रवासियों की अपेक्षा हैं कि पुलिस प्रशासन द्वारा इस दरोगा को जितना शीघ्र हो सके बारून पुलिस चौकी से हटाया जाय। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि उक्त दरोगा एक स्थानीय छुटभैया नेता के यहां अपने हमराह सिपाहियों के साथ खाने पीने भी जाता है और उसी नेता की शह पर भुक्तभोगियों से पैंसा वसूली करवाता है। अभी हाल ही में ग्राम मेहदौना से घर से नाराज हो करके एक लड़की अपने किसी रिश्तेदार के यहां चली गयी थी परन्तु अज्ञानतावश लड़की की मां ने लड़की को भगा ले जाने के सम्बन्ध में चौकी पर एक तहरीर दे दी जबकि तीसरे दिन पता लगाते लगाते वह लडकी अपने रिश्तेदार के यहां मिल गयी परन्तु लड़की की मां को जबरन मुकदमा बनाने का प्रभाव डालकर उससे 14 हजार रूपया दरोगा द्वारा वसूल लिया गया। यह लेनदेन ग्रामवासियों में चर्चा का विषय बना हुआ है। कुलमिलाकर यह कहना न तो अनुचित होगा और न ही अतिशयोक्ति कि दरोगा अमित कुमार ने रिश्वतखोरी के बारून चौकी के पच्चीसों साल के रिकार्ड तोड दिये हैं। एक अन्य भुक्तभोगी ने भूमि विवाद में दरोगा अमित कुमार द्वारा जातिवादी भावना में बहकरके अनाधिकार हस्तक्षेप करके प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास का निर्माण रोकवा दिया है। जबकि आवास निर्माण की भूमि ग्राम समाज की है और मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भुक्तभोगी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र सन्दर्भ संख्या 91917700024199 का हवाला दे करके एसडीएम मिल्कीपुर द्वारा ग्राम पंचायत को आदेशित किया गया है कि नियमानुसार आवेदक को ग्राम सभा की खुली बैठक करके आवासीय भूमि का आवंटन किया जाय इस आदेश की प्रति को दरोगा अमित कुमार द्वारा नकार करके आवास का निर्माण रोंकवा दिया गया है।

कस्बे में अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

गोंडा।कस्बे में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन का बुलडोजर चला।बाजार के पासी पुरवा मार्ग पर अवैध कब्जा हटाया गया साथ ही ऐसे लोगों को चेताया गया कि दोबारा अतिक्रमण किया तो उनके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।तहसीलदार सदर राजीव मोहन सक्सेना ने बताया,कि जिलाधिकारी के निर्देश पर इटियाथोक कस्बे में अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है।दोपहर को कस्बे में बुलडोजर चला तो हड़कंप मच गया।अवैध कब्जेदार अपने सामानों को लेकर भगाने लगे जबकि कुछ खुद ही अतिक्रमण हटाने में जुटे रहे।अधिकारियों ने ऐसे लोगों को भविष्य में अतिक्रमण ना करने की चेतावनी दी।इसके साथ ही अन्य सरकारी भूमि पर बुलडोजर चला।मौके पर तहसीलदार राजीव मोहन सक्सेना, नायब तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार यादव, अमित, राजस्व निरीक्षक बैकुंठ तिवारी, हल्का लेखपाल रामबहादुर, कोतवाल अरुण कुमार द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

खड़ी ट्रक में भिड़ी बाइक, दो युवकों की मौत, एक घायल

तारून थाना क्षेत्र के रामपुर भगन बाजार के पास हुई घटना

अयोध्या। जनपद के तारुन थाना क्षेत्र स्थित गांव ऊंचगांव भटपुरा के पास एक बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जा भिड़ी। देर रात हुए इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक को गंभीर हाल में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया कि शाम थाना क्षेत्र के नेतवारी चतुरपुर मजरे लाला का पुरवा निवासी कृष्ण प्रताप श्रीवास्तव उर्फ बंगाली के छोटे बेटे विशाल उर्फ सौरभ की शादी को लेकर प्रीतिभोज का आयोजन था। समारोह में शामिल होने के लिए नात–रिश्तेदार भी आए थे। मामा के प्रीतिभोज में शामिल होने आए तीन युवक एक मोटरसाइकिल से कुछ सामान की खरीदारी करने देर रात रामपुरभगन बाजार जा रहे थे। रास्ते में तारुन–पिपरी मार्ग पर लगभग रात 10.00 बजे मोटरसाइकिल सवार युवक रात के अंधेरे में सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में जा भिड़े। टक्कर इतनी जोरदार हुई थी आवाज सुनकर आसपास के लोगों के नींद खुल गई और माजरा जानने के लिए लोग मौके पर पहुंचे तो हादसे का पता चला। तत्काल मामले की खबर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर घायल दो युवकों को जिला अस्पताल और कम घायल युवक को सीएससी बीकापुर भिजवाया। रात लगभग 11.00 बजे थाने के सिपाही प्रदीप चौहान की ओर से एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाये जाने के बाद ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एके कुशवाहा ने 22 वर्षीय रौनीत श्रीवास्तव पुत्र राजीव श्रीवास्तव निवासी सुंदरपुर थाना लंका जिला वाराणसी और 20 वर्षीय अमन श्रीवास्तव पुत्र मिथिलेश श्रीवास्तव निवासी सिंदोरवा थाना करनैलगंज जिला गोंडा को मृत घोषित कर दिया। वही सीएससी बीकापुर के चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने के चलते तीसरे घायल दिव्यम श्रीवास्तव उर्फ बाबुल पुत्र मनोज श्रीवास्तव निवासी हरचरणपुर जिला रायबरेली को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि दो युवकों रौनीत श्रीवास्तव और अमन श्रीवास्तव को यहां लाया गया तो जांच में पता चला कि दोनों की मौत हो चुकी है। पोस्टमार्टम के लिए मेमो पुलिस को भिजवाया गया है। हादसे में घायल तीसरा युवक सीएससी बीकापुर से रेफर होकर यहां आया है उसको भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। वहीं तारुन थाना प्रभारी का कहना है कि हादसे की जानकारी के बाद घायलों को उपचार के लिए भिजवाया गया। हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के हवाले किया गया है।

मातम में बदली खुशियां –हादसे में दो युवकों की मौत और तीसरे के गंभीर रूप से घायल होने की खबर गांव पहुंची तो शादी और प्रीतिभोज को लेकर उपजी खुशियां मातम में बदल गई। परिवार में रोदन–विलाप शुरू हो गया घर के पुरुष सदस्य हाल–चाल आने के लिए तत्काल जिला अस्पताल भागे। प्रीतिभोज में पहुंचे निमंत्रित लोग भी शोक संवेदना जताने के बाद धीरे–धीरे खिसकने लगे। दरअसल नेतवारी चतुरपुर मजरे लाला का पुरवा निवासी कृष्ण प्रताप श्रीवास्तव उर्फ बंगाली के छोटे बेटे विशाल उर्फ सौरभ का विवाह 20 अप्रैल को हैदरगंज थाना क्षेत्र के बैती कला नंदूपूरा गांव निवासी वासुदेव श्रीवास्तव की बेटी लता के साथ हुआ था। अगले दिन विदाई के बाद शाम प्रीतिभोज का आयोजन था। हादसे का शिकार हुए युवक अपने परिवार के साथ मामा की शादी और प्रीतिभोज में शामिल होने के लिए आये थे। परिवार ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक युवको का सरयू किनारे अंतिम संस्कार किया है

कार की टक्कर से बाप बेटी की मौत

गोण्डा। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग स्थित सिकहा मोड़ के पास सुबह 6 बजे साइकिल सवार बाप बेटी को कार ने टक्कर मार दिया जिस से दोनो की मौत हो गई। पुलिस ने दोनो शवो को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के सालपुर कोचा कासिम पुर गांव के निवासी 45 वर्षीय राम सेवक पुत्र मनी राम और उसकी पुत्री 13 वर्षीय चाँदनी की तबियत अचानक खराब हो गई। सुबह तड़के इलाज कराने के लिए उस को कर्नल गंज डॉक्टर के यहां साइकिल से ला रहे थे। सिकहा मोड़ के पास सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दिया। जिस से दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए दोनो को कर्नलगंज सी एस सी पर ले गए। चिकित्सक ने उनको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान चाँदनी की मौत हो गई। राम सेवक को लखनऊ के लिए रेफर किया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई। चाँदनी की मां ने बताया कि रात्रि में उस की पुत्री की तबियत अचानक बहुत खराब हो गई। उस को उल्टी दस्त शुरू हो गई। । उसी का इलाज कराने जिला कर्नलगंज सी एस सी पर ला रहे थे। तभी यह दुर्घटना घट गई। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया।

बाइक की टक्कर से महिला की मौत

गोण्डा। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के भभुवा स्थित सिघना बाजार में बाइक की टक्कर से लगने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बहराइच जनपद के जरवल थाना के पारा गांव के निवासी 70 वर्षीय पार्वती पत्नी राम बिहारी सिघना बाजार आई थी । सामान की खरीदारी करने। सड़क को पार करते समय एक बाइक की टक्कर लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल गोण्डा में लाकर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उस की मौत हो गई।

बच्चों के विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

गोण्डा। स्थानीय कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत बच्चों के विवाद में ईंट से हुये हमले में गंभीर रूप से घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना कोतवाली कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम गुरसड़ी के मजरा गोसाईं पुरवा की है, जहां दो बच्चों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद कुछ ही देर में मारपीट में तब्दील हो गया। विवाद में सिर पर ईंट से हमला करने पर रीता नाम की महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे कोतवाली लाया गया जहां पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर डॉक्टरी परीक्षण के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान रीता की मौत हो गई। महिला के पति सुरेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण में मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ था जिसे अब गैर इरादतन हत्या की धारा में तरमीम किया जाएगा।

बिहार से आकर लूटपाट करने वाला एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

अयोध्या। कोतवाली नगर पुलिस ने बिहार से आकर जिले में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिरं को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित के पास से चोरी की एक बाइक, नगदी व गांजा बरामद हुआ है। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह ने बताया कि वह पुलिस टीम के कसाबबाड़ा तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो लोग एक बाइक पर आते दिखाई दिए। दोनों को रोकने का प्रयास किया गया तो एक भाग निकला, जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए राहुल कुमार यादव के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल व एक किलो 600 ग्राम गांजा व लूट के 21 हजार रुपये बरामद किए गए। दो अदद एटीएम कार्ड की भी बरामदगी की गयी है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ने बताया वह और उसका साथी अमन यादव पुत्र सुग्रीव यादव नया टोला जुराबगंज गैड़ाबाडी थाना कोढ़ा जिला कटिहार बिहार के साथ 19 अप्रैल को चौक रिकाबगंज रोड पर एक व्यक्ति से बैग छीनकर भागे थे, जिसमें 50 हजार रुपये व एटीएम कार्ड मौजूद था। आरोपी ने पुलिस को बताया लूट में मिले रुपये को आधा–आधा बांट लिया गया था। उसके पास से बाइक बीआर 01 डीटी 2625 पाई गई। इस बाइक पर आरोपी यूपी का नम्बर डाल कर लूटपाट की घटना अंजाम देते थे। टीम में चौकी प्रभारी रिकाबगंज संदीप त्रिपाठी, चौकी प्रभारी जेल अमित सिंह व पुलिस कर्मी शामिल रहे।

अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्यवाही: विवेक सिंह

पटरंगा थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक

अयोध्या। आप सभी लोग मिल जुलकर गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखें।सभी लोग त्यौहार को आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मिलजुलकर मनाएं।यह बातें थाना पटरंगा परिसर में आगामी त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक में आए हुए लोगो को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष पटरंगा विवेक कुमार सिंह ने कही। थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाई चारे का संदेश देते हैं त्योहार किसी भी धर्म का हो हम सबको आपस में मिलजुलकर मनाना चाहिए।क्षेत्र की गंगा जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की जो मिसाल रही है उसे कायम रखें।उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी लोग उसी प्रकार सभी पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातवरण में मनाएंगें जिस प्रकार हमेशा से मनाते चले आ रहे हैं।

थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह से किसी विवाद की स्थिति न उत्पन्न होने दें।सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों को मनाएं उन्होंने कहा की अगर कहीं पर भी विवाद की कोई स्थिति उत्पन्न होती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।पुलिस तत्काल पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी कानून को अपने हाथ मे न लें।त्योहार में अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों पर मुझे पूर्ण विश्वास और आशा है की आगामी होने वाले सभी त्यौहार सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग व आपसी भाईचारे के साथ मनाएंगे। एसआई अरुण कुमार,एसआई सुधाकर सिंह,उपनिरीक्षक हरिवंश यादव,एसआई भानु प्रताप शाही,हाईवे चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने लोगों से कहा कि पिछले समय से जिस तरह से हम लोग आपसी मेल जोल के साथ त्यौहार मनाते चले आए हैं उसी प्रकार इस बार भी शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाएंगे।सभी लोगों से निवेदन है कि राजनीति के चक्कर में पड़कर आपसी संबंध को कोई भी खराब न करें।क्षेत्र की गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखें।हेड कांस्टेबल मंसाराम यादव,विष्णु यादव,अभिषेक कुमार,अनिल कुमार,राजेश कुमार,रामाश्रय,शिवम व ग्राम प्रधान वाजिदपुर मोहम्मद उस्मान अंसारी,गोपेपुर प्रधान पुत्तन,पूर्व प्रधान मखदूमपुर मोहम्मद नसीम खान,पूर्व प्रधान रामप् प्रेस यादव,ग्राम प्रधान जखोली माताफेर चौरसिया,मुरादाबाद प्रधान प्रतिनिधि बबलू सिंह,ग्राम प्रधान सिधौली पप्पू यादव,ग्राम प्रधान सीवन सिराज अहमद,मोहम्मद यसीर खान,मुन्ने नंबरदार,ग्राम प्रधान खुर्दहा,अमरेश कुमार वर्मा व राम केवल मिस्त्री सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मौला अली की शहादत के मौके पर निकला कदीमी जुलूस

अयोध्या। हजरत अली की शहादत की तारीख के मौके पर 19, 20, 21 रमजान को जुलूस निकाला गया, 19 रमजान 21 अप्रैल को सुबह 5 बजे खुर्दमहल दरगाह से इमामबाड़ा व रात्रि 9 बजे मस्जिद हसन रजा खां चौक से उठकर बड़ी दरगाह हजरत अब्बास वजीरगंज लाया गया,वही 20 रमजान 22 अप्रैल रात्रि 8 बजे मस्जिद अस्करी नखास से मस्जिद इमामिया नखास व रात्रि 9 बजे मस्जिद चौक हसन रजा खाँ से इमामबाड़ा जवाहर अली खां लाया गया , 21 रमजान 23 अप्रैल को सुबह 9 बजे मरहूम जनाब शाकिर अली के घर से कमरख की दरगाह खुर्द महल व 4 बजे हौजे सकीना से कमरख की दरगाह लाया गया ।जुलूस में शहर की अंजुमनों में गुंचाय मजलूमिया, मसूमिया, अबिदिया, अब्बासिया ,हुसैनिया ने जुलूस में नौहाख्वानी की,तकरीर व मजलिस मौलाना अहमद अली आबिदी ,मौलाना नदीम रजा जैदी ,इकबाल हैदर उर्फी व जावेद आबिदी ने पढ़ी। इस मौके पर ताजियादार कमेटी के अध्यक्ष हसन इकबाल,सचिव मोनू मिर्जा,कन्वीनर अशफाक हुसैन जिया, उपाध्यक्ष हामिद जाफर मीसम,परवेज हुसैन,उपसचिव सैफी कमर एडवोकेट,मुनीर आबिदी,वसी हैदर गुड्डू,शुजात हुसैन वसीम सिब्तेन मेहंदी श्यावर,मिर्जा सादिक हुसैन,करम ,कुमैल आबिदी, इब्ने हसन शम्सी, साजिद रजा पप्पू,कासिम मेहंदी रूही,आरिफ एडवोकेट, रिजवान हसनैन पार्षद,अर्शी,कामिल हसनैन,डा मेहंदी, सैफी अब्बास,इत्यादि लोग मौजूद थे।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रदान किया उपहार

नई उड़ान सामाजिक उत्थान सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

मवई–अयोध्या।स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सड़वा गांव में अभिनंदन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वंय सहायता समूह की अध्यक्ष व नई उड़ान सामाजिक उत्थान सेवा समिति की अध्यक्ष सबीना खातून ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूदौली विधायक राम चंद्र यादव के पुत्र आलोक चन्द्र यादव व विशिष्ट अतिथि जिला मिशन प्रबंधन सरिता वर्मा मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन राम कुमार यादव स्मारक विद्यालय सड़वा के प्रबंधक महेश चंद्र यादव ने किया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने मुख्य अतिथि विधायक पुत्र आलोक चंद्र यादव को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक पुत्र आलोक चन्द्र यादव ने स्वयं सहायता समूह की अग्रिणी महिलाओं को भी साड़ी देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्वंय सहायता समूह की जिला प्रबन्धाक सरिता वर्मा ने कहा कि पूर्व में कोविड के दौरान रोजगार संकट के बावजूद महिला स्वयं सहायता समूहों ने राज्य सरकार के ग्रामीण आजीविका मिशन की मदद से अपने लिए तो जीवनयापन का रास्ता बनाया है। इसके साथ ही उनके द्वारा अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी रोजगार के अवसर प्रदान करके उन्हें आगे बढ़ाकर एक मिसाल कायम की गई है। स्वयं सहायता समूह महिलाओं का वह समूह है, जिसमें सब कुछ सामूहिक रूप से होता है। गांव की 10 से 15 महिलाएं मिलकर एक समूह बनाती हैं। जिसका एक नाम रखा जाता है। हर माह एक निर्धारित राशि खाते में जमा की जाती है। फिर समूह की किसी सदस्य को धन की आवश्यकता होती है तो उसे एक फीसदी ब्याज पर लोन भी दिया जाता है। महिला सहायता समूह की महिलाएं स्वयं सहायता समूह की सदस्य बड़े गर्व के साथ कहती हैं कि हम सब किसी भी महिला को महाजनों के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता हैं। क्योंकि अब हमारे पास नकद पैसा भी है। अध्यक्ष सबीना खातून ने कहा कि अगर इसी मॉडल को पूरे जिले में अपना लिया जाए तो महिलाएं भी स्वावलंबी बन सकती हैं। इस दौरान उनके द्वारा मौजूद महिलाओं को विभिन्न ट्रेड का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे वह उसे अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकें।इस मौके पर सरिता वर्मा जिला मिशन प्रबंधक,आशुतोष मिश्रा,अमित कुमार ,फूल चंद्र, संजय कुमार ब्लॉक मिशन प्रबन्धक, शवीना खघतून,समीना खघतून, निशाद खां,तारिक ,पवन ,विकास,महेश चंद्र,अम्बरेश यादव,तौफीक ,समसीर, ईसार,इन्द्र बहादुर यादव,रामदत्त, आलोक तिवारी और युवा भाजपा नेता विकास यादव,दिनेश यादव,सदानंद यादव,मो.तारिक,मोहम्मद खान आदि लोग उपस्थित रहे।

महिला लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रही, दबंग भूमि पर जबरन कब्जा करने में लगे

करनैलगंज,गोंडा। गांव के दबंगों से त्रस्त एक महिला लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रही है। दबंग उसकी भूमि पर जबरन कब्जा करने में लगे हैं। कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम नरायनपुर माझा निवासी गुड़िया ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमे कहा गया है कि वह अपने बैनामा सुदा भूमि में छप्पर आदि रखकर रह रही है। कुछ लोग उसका छप्पर उजाड़कर भूमि को कब्जा करना चाह रहे थे। उसने उप जिलामजिस्ट्रेट के न्यायालय पर वाद प्रस्तुत किया। न्यायालय ने स्थगन आदेश पारित कर 11 मई को सुनवाई के लिये अग्रिम तिथि निर्धारित कर दिया। महिला का आरोप है कि इसके बाद भी उसकी भूमि को कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। न्यायालय द्वारा पारित किया गया स्थगन आदेश न्यायालय ने खारिज कर दिया है। न्यायालय द्वारा दिये गए आदेश का पालन किया जायेगा।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित प्रस्तुतीकरण कक्ष में मञ्चस्थ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्स्वती के दीप प्रज्ज्वलन, वन्दना एवं कुलगीत के साथ संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रोफेसर सुरेंद्र दुबे ने फणीश्वर नाथ रेणु एवं उनके साहित्य विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर कहा कि मेरा यह सपना था कि उक्त राष्ट्रीय संगोष्ठी मेरे ही कार्यकाल में संपन्न हो किंतु 2020 से प्रस्तावित यह संगोष्ठी कोरोना संक्रमण कि अतितीव्रता के कारण स्थगित होती चली गई अंततः मेरे कार्यकाल के समाप्त होने पर आज संपन्न हुई। फणीश्वर नाथ रेणु ने अपनी साहित्यिक रचनाओं को सन 1930 से 1936 के बीच आदर्शवादी लेखक की उपाधि को प्राप्त कर चुके थे, जिन्होंने भारतीय समाज का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया था। ठेस कहानी के नायक का जो स्वाभिमान है वह भारतीय समाज

के आदर्शों को प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि रेनू जी की शैक्षणिक यात्रा केपी कोइराला द्वारा नेपाल में स्थापित विद्यालय से का प्रारंभ हुआ। भारतीय चित्र भारतीय गौरव भारत माता का गान गरीबी और जहालत से जूझ रहा गांव इनकी हर कहानियों में देखने को मिलता है। श्वट बाबाश् में फणीश्वर नाथ रेणु की लोकजीवन, संस्कृति, राष्ट्रवाद और आदर्शवाद की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती। स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व भारतीय सांस्कृतिक परिवर्तन को उन्होंने अपनी रचनाओं में बिखेरा है। उन्होंने कहा कि प्रेम का जो सबसे कोमल तंतु है वह फणीश्वर नाथ रेणु की रचनाओं में उत्कृष्ट रूप से दिखाई देता है। अपनी कला संस्कृति और सभ्यता को बचाने की इच्छा रेनू जी की रचनाओं में देखने को मिलता है। रेड के समकालीन कथा कारों में रेणुका विकल्प नहीं मिल पाया। अशिक्षा आदि को बचाने का कार्य फणीश्वर नाथ रेणु जी ने किया है। नानी दादी की कहानियां पत्रिकाएं घरों में आज उपलब्ध नहीं है इसलिए गांव दिन–ब–दिन टूट रहे। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर नंदकिशोर ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रेनू जी के साथ साथ पूरी युवा पीढ़ी उस समय लिख रही थी। लेखन कला इनमें बाल्यकाल से ही झलक रही थी। 32 33 वर्ष की आयु में इन्होंने राजनीति से दूरी बना कर पुनः लेखन कार्य प्रारंभ कर दिया।

रेणु जी को कुछ साहित्यकार मार्क्सवादी विचारधारा से प्रेरित सिद्ध करते हैं यह सर्वथा उपयुक्त नहीं है। भारत और पाकिस्तान का विभाजन का दर्द उनकी रचनाओं में स्पष्ट दिखाई देता हुए उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के कार्यकारी कार्यकारी कार्यकारणी अध्यक्ष प्रोफेसर सदानंद गुप्ता विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रेणु के साहित्य में जिजीविषा एक प्राण तत्व है शक्ति मिलतीहै। रेणु जी को प्रेमचंद की परंपरा का कथाकार कहना उचित नहीं है जहां तक प्रेमचंद का गांव है वह एक सामान्य गांव दिखाई देता है परंतु रेनू जी की रचनाओं में गांव का एक विशिष्ट गांव है। रेणु समग्र मानवी दृष्टि संवेदना के रचनाकार हैं तथा साथ ही साथ रेणु दूसरी आजादी के बिखरते हुए दृश्य को नहीं देख पाए फिर भी स्त्री अस्मिता की रचनाकार इन्हें माना जाता है। रेणु जी ने अंत समय में कहा था कि आज समाज में मनुष्य का निर्माण नहीं हुआ मनुष्य मनुष्य नहीं बन पाया यह मेरी पीड़ा है।अधिष्ठाता कला संकाय प्रोफेसर हरीश कुमार शर्मा ने फणीश्वर नाथ रेणु की साहित्य और रचनाओं की आधुनिक समाज हेतु प्रासंगिकता बतलाते हुए इस संगोष्ठी में आये हुए अतिथियों और देश के समस्त राज्यों से आए हुए हिंदी भाषा के विद्वानों एवं शोधार्थियों का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। सहयुक्त अचार्य डॉक्टर सत्येंद्र कुमार दुबे ने संगोष्ठी सारांश को प्रस्तुत किया। मंच संचालन सहायक आचार्य डॉक्टर जय सिंह यादव ने किया।इसके पूर्व एक तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ अखिल कुमार मिश्र दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर तथा अध्यक्षता प्रोफेसर प्रत्यूष दुबे हिंदी विभाग गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर एवं तकनीकी सत्र का संचालन डॉक्टर विश्वजीत कुमार मिश्र राजीव गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय एटानगर ने किया। लगभग 10 शोध पत्रों का ऑफलाइन एवं ऑनलाइन वाचन सदस्यों द्वारा किया गया। इस दौरान श्रीमती आशा दुबे श्रीमती कालिंदी गुप्ता श्रीमती वंदना पांडे डॉक्टर दमयन्ती तिवारी, प्रोफेसर पवन अग्रवाल डॉक्टर बलजीत श्रीवास्तव प्रोफेसर सुशील कुमार तिवारी पुरनेश नारायण सिंह ,डॉ हृदयकान्त पांडेय,डॉ रविकांत शुक्ला,डॉ धर्मेंद्र वर्मा डॉ प्रदीप पांडेय,डॉ अखिलेश दीक्षित,डॉ आभा द्विवेदी,डॉ सरिता सिंह सहित विश्विद्यालय एवं महाविद्यलयों के शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे ।उक्त जानकारी डॉ अविनाश प्रताप सिंह ने दी है।

जमीनी विवाद में घायल व्यक्ति की मौत, गांव में पुलिस तैनात

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार। उसका थानाक्षेत्र के छितरापार में शनिवार को दो पक्षों में पट्टे की जमीन पर कब्जे के विवाद में जमकर मारपीट हुई थी। इसमें आधा दर्जन से अधिक घायल हुए थे। रविवार को गोरखपुर मेडिकल कालेज में गम्भीर रूप से चोटिल धीरज 25 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई है।जिससे गांव में काफी तनाव का माहौल है।राविवार को परिजन को समझाने अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत पुलिस बल के साथ पहुँचे।मार पीट में घायल हुए धीरज की मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है। अभी भी गांव में पुलिस तैनात है। इस सम्बंध में एसओ शतीश कुमार सिंह ने कहा है कि इस मामले दस के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिनमे से पांच की गिरफ्तारी हो गयी है । शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है।मालूम हो कि शनिवार को हुए इस जमीनी विवाद में गंभीर हालत में एक पक्ष के तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया था।जहाँ चिकित्सको ने हालत गम्भीर देखते हुए उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया था।जहाँ घायल धीरज की मौत हो गयी। पुलिस ने पीड़ित पक्ष गोविंद की तहरीर पर अशर्फी सहित दस के खिलाफ संगठित होकर बलवा करने का मुकदमा दर्ज किया था। गोविंद के अनुसार उसे वर्ष 1988 में गांव में ही पट्टे पर जमीन मिली थी, इसका अप्रूवल एसडीएम ने किया है। इसी जमीन पर अशर्फी भी अपना हक जताता है, जिससे यह विवाद का विषय बन गया। लगभग एक महीने से इसे लेकर कहासुनी चल रही थी, जो दो गुटों में खूनी संघर्ष में बदल गया। खूनी झगड़े का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

पट्टे की जमीन पर कब्जे को लेकर लड़ाई

गोविंद का आरोप है कि विपक्षियों द्वारा सुनियोजित ढंग से यह झगड़ा किया गया है। लाठी–डंडे और ईंटदृपत्थर को पहले ही विवादित स्थल के आसपास छुपा कर रखा गया था। विवाद शुरू होते ही घात लगाकर हमलावरों ने लाठी–डंडों और ईंट से हमला कर दिया। गोविंद ने आरोप लगाया कि अशर्फी पक्ष ने 112 नंबर पर फोन करके पुलिस को बुला लिया और उनकी मौजूदगी में ही इस दुस्साहिक घटना को अंजाम दिया है।थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने कहा कि गोविंद की तहरीर पर बलवा का मुकदमा दर्ज किया गया है। एक पक्ष के लोगों को गंभीर चोट आई है, इस संबंध में मेडिकल कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर अन्य धाराएं भी जोडी जाएंगी। मामले की जांच की जाएगी और उसी आधार पर कार्रवाई होगी।

आग लगने से भूसे का मंडीला जलकर हुआ राख

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर/उसकाबाजार। क्षेत्र के ग्रामपंचायत उटिया के टोला गेरूड़ीहा में रविवार को दिन में अज्ञात कारणों से लगी आग से ग्रामीणों का फूस के मंडीला में रखा भूसा जलकर राख हो गया है। आग लगने से गांव में अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। ग्रामीण ने पंपसेट के माध्यम से आग पर काबू पाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

स्वरोजगार अपनाए युवा : श्यामधनी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर/उसका बाजार। वर्तमान समय मे बेरोजगारी एक बड़ी समस्या बन कर उभर रही है। सरकार भी इसे दूर करने का हर सम्भव प्रयास कर रही है। सरकार के साथ साथ पढ़े लिखे

होनहार युवा स्वरोजगार अपनाकर स्वंय व समाज के लिए मिशाल बन सकते है।बेरोजगारी दूर करने के लिए युवा स्वरोजगार अपनाए। यह बातें सदर विधायक श्याम धनी राही ने कही है। सदर विधायक कस्बा के आद्या प्रासाद नगर वार्ड में रविवार को एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान मंगलम साड़ी सेंटर के उद्घाटन में आये थे। उन्होंने कहा की उसका बाजार प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है । उसका का पुराना रेलवे पुल की सुरक्षा का आश्वासन भी सदर विधायक ने दिया है। उस अवसर पर राकेश आर्या, पूर्वचेयरमैन हेमन्त कुमार जायसवाल, हरिश्चंद्र जायसवाल, यमुना गुप्ता, शिव शरण चौरसिया,मनीष अग्रहरि, विशाल अग्रहरि, ब्रह्मदेव पाण्डेय,पन्ना लाल यादव,सत्य प्रकाश वर्मा,विवेकानन्द पाण्डेय,मनीष पाण्डेय, कर्ण सिंह , अभिषेक दूबे आदि रहे।

सपाई आज मनाएंगे सीमांत लोहिया स्व.बृजभूषण तिवारी की पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सीमांत लोहिया स्व. बृजभूषण तिवारी जी की पुण्यतिथि सोमवार को सुबह 11 बजे समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में मनाई जाएगी। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का भी आयोजित किया गया है। यह जानकारी सपा के जिला महासचिव कमरुज्जमा खान ने दी है। कार्यक्रम में जिला व विधान सभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों, सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ ही विधायक, पूर्व विधायकों व पार्टी के प्रभारी प्रत्याशियों की मौजूदगी अनिवार्य है।

सड़क निर्माण में ठेकेदार की मनमानी, विभागीय अफसर बेखबर





पंकज चौबे की रिपोर्ट/

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर/शोहरतगढ़। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एन एच 30 से सोतवि नाला तक लगभग 1,5 किमी सड़क निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा जमकर मनमानी की जा रही है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय हाथ में हाथ धरे बैठे हुए हैं। विभागीय कार्रवाई नहीं होने के कारण ठेकेदार अपनी मनमर्जी से गुणवत्ताहीन निर्माण समाग्री का उपयोग कर रहा है। करोड़ों की सड़क में गुणवत्ताहीन निर्माण समाग्री का उपयोग होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों मे जमकर आक्रोश है।

डस्ट(गिट्टी का टूटा चूरा)के स्थान पर डाल रहे मिट्टी

लगभग 1,5 किमी की सड़क निर्माण में जमकर लूट की जा रही जा रही है। सड़क निर्माण में डस्ट की जगह मिट्टी का उपयोग किया जा राह है। शिकायत के बाद भी संबंधित ठेकेदार पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे सड़क की मानीटरिंग करने अफसर भी गंभीर नहीं है। जिसका फायदा ठेकेदार उठा रहा है। जानकारी के अनुसार छभ730 हलौरा से लेकर सोतवा नाला तक 1,5 किलोमीटर की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण किया जा रहा है। जिसकी लागत राशि लगभग करोडो रुपये है। सड़क निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों में स्थित मिट्टी युक्त मुरुम को बेतहाशा डाला जा रहा है। इस संबंध में जानकारी लेने पीडब्ल्यूडी विभाग के के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया। लेकिन उन्होंने काल रिसीव नहीं किया। जिसके चलते उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

स्वयं सेवकों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

महराजगंज। स्थानीय पं. दीन दयाल इंटर कालेज, महराजगंज में श्राष्ट्रीय सेवा योजनाश के स्वयंसेवकों ने समन्वयक जितेन्द्र वर्मा व यातायात निरीक्षक जय प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली निकाली । नगरवासियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। रैली को संस्था के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने हरी डी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से प्रस्थान कर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई मेन चौराहे तक पहुंची। रैली के दौरान यातायात उपनिरीक्षक राधेश्याम यादव का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

आग बुझाने को लेकर दौड़ते रहे कोतवाली प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह

जवानों व ग्रामीणों संघ मिलकर आग पर पाए काबू,लाखो की छति।

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। रविवार को कोतवाली क्षेत्र के कई गांव में आग ने तांडव मंचा रखी थी। जिससे कई घर चपेट में आ गये, आग बजहा क्षेत्र में डंठल जलाने से लगी,अगया खुर्द गांव पहले चपेटे में आया,सूचना पर दमकल की गाड़ी पहुचीं आग पर काबू पाई,वही आग जलते हुए रकसैल गांव में पहुच गयी जहां राम सेवक के फूस और खपरैल के मकान में आग लगी,कोतवाली को सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह,वा बजहा चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुच ग्रामीणों की मदद से घर मे बंधी जानवरों को बाहर निकाला,तबतक घर धुंधू कर जलने लगा बाकी सामान जलकर राख हो गया,आग गांव के बगीचे में पहुचने से गोरख चौधरी,राम किशोर,गोपाल चौधरी के सैकड़ो सागवान के पेंड जल गये। वही देखते ही देखते गांव के एक पक्के मकान के तीसरे तल पर आग जलने लगी,मकान मालिक मुख्यालय पर रहता है,घर मे ताला लगा था,पुलिस के जवानों ने दूसरे के छत से ऊपर चढ़कर आग पर काबू पाया।इधर आग पर काबू पाए कि खबर मिली बर्डपुर न0 9 के कटया गांव में आग लग गयी,पुलिस भागती हुई वहां पहुची गांव वालों की मदद से आग पर काबू पायी। एक झोपड़ी में रखा सामान जल गया।आग लगने से ग्रामीण दहसत में हो गये, सभी अपना सामान गांव के बाहर रखने लगे,गैस सिलेंडर को पोखरे में फेंक दिया गया,आग बुझने के बाद सभी अपने सामानों को घर लाये।वहीं क्षेत्र के सभी ग्रामीण अपने अपने गांव के सामने आग बुझाने के सामाग्री लेकर खड़े नजर आए। आग बुझाने में एसआई किशोरी लाल चौधरी,शशि प्रकाश सिंह,सुग्रीव चंद्रा, सहित पुलिस जवान,बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

का प्रधान घेराव करेंगे आज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मनरेगा कार्य में मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम विसंगतियों समेत अन्य मांगों के समाधान को लेकर अखिल भारतीय प्रधान संगठन जिला इकाई जिलाध्यक्ष चंद्रमणि यादव की अगुआई में सोमवार को सुबह 11 बजे से विकास भवन कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया है। यह जानकारी अभाप्रसं के जिला उपाध्यक्ष राजेश पासवान ने देते हुए सभी प्रधान साथियों से भारी संख्या में पहुंच कर धरने को सफल बनाने की अपील की है।

आज करेंगे ग्राम प्रधान संगठन धरना प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले जनपद स्तरीय प्रधानों को लेकर एक दिवसीय धरने का आयोजन जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया है जिसमें 23 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। जिला अध्यक्ष ने जनपद के सभी प्रधानों से धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

सम्पादकीय

महाराष्ट्र में राज ठाकरे का इस्तेमाल

इसका फायदा उठा कर राज ठाकरे भी अपनी जगह बना सकते हैं और भाजपा को भी फायदा हो सकता है। सो, राज ठाकरे मस्जिदों के बाहर लाउड स्पीकर लगा कर हनुमान चालीसा का पाठ करने के अभियान में लगे हैं तो जून के पहले हफ्ते में अयोध्या जाने का भी ऐलान कर दिया है। अब वे भी ...

भारतीय जनता पार्टी की यह खासियत है कि वह जिस राज्य में चाहे वहां कि किसी पार्टी का राजनीतिक इस्तेमाल कर सकती है। कहीं मुख्यधारा की पार्टी का इस्तेमाल करती है तो कहीं हाशिए पर की पार्टी का। जैसे बिहार में उसने चिराग पासवान का इस्तेमाल किया। चिराग के कारण बिहार में यह स्थिति बनी कि नीतीश कुमार की पार्टी जदयू तीसरे नंबर की पार्टी बन गई और अब भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाने का सपना देख रही है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश में भाजपा ने बहुजन समाज पार्टी का इस्तेमाल किया। हालांकि बसपा की नेता मायावती इससे इनकार कर रही हैं और इसे लेकर उन्होंने राहुल गांधी पर हमला भी बोला। लेकिन इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उनकी निष्क्रियता का फायदा भाजपा को हुआ।

अब भाजपा महाराष्ट्र में राज ठाकरे का इस्तेमाल कर रही है। राज ठाकरे के जरिए भाजपा ने कट्टर हिंदुत्व का मुद्दा उछाला है। भाजपा और राज ठाकरे दोनों को पता है कि शिव सेना चाहे हिंदुत्व की बात जितनी करे लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस और एनसीपी के साथ रहने से उसका हिंदुत्व का एजेंडा कमजोर हुआ है।

इसका फायदा उठा कर राज ठाकरे भी अपनी जगह बना सकते हैं और भाजपा को भी फायदा हो सकता है। सो, राज ठाकरे मस्जिदों के बाहर लाउड स्पीकर लगा कर हनुमान चालीसा का पाठ करने के अभियान में लगे हैं तो जून के पहले हफ्ते में अयोध्या जाने का भी ऐलान कर दिया है। अब वे भी बाबरी विध्वंस आंदोलन का श्रेय लेने का प्रयास करेंगे क्योंकि उस समय वे भी शिव सेना का ही हिस्सा थे। शिव सेना के लिए यह दुविधा वाली स्थिति है। उसे कांग्रेस और एनसीपी के साथ होने के बावजूद मुस्लिम वोट मिलने की संभावना कम है और ऊपर से कट्टर हिंदू वोट भी खिसक सकता है।

कॉरपोरेट की जेब में आजादी

एलन मस्क ने ट्विटर को खरीदने के लिए 52 बिलियन डॉलर की रकम आगे कर दी है। फिलहाल, ट्विटर के मौजूदा मालिक मस्क की मंशा को नाकाम करने में जुटे हुए हैं। मस्क ने हाल ही में ट्विटर की करीब 9 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी। फिर उन्होंने पूरी कंपनी खरीदना का प्रस्ताव रखा।

कॉरपोरेट नियंत्रित सोशल मीडिया की आजादी का भ्रम तभी टूटना लगा था, जब सोशल मीडिया कंपनियों ने अमेरिकी शासक वर्ग की इच्छा के मुताबिक राजनीतिक आवाजों को दबाना शुरू कर दिया। सबसे पहले जो हाई प्रोफाइल शख्सियत इसका निशाना बनी, वे डॉनल्ड ट्रंप थे। फिर यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद जिस तरह रूस की बात रखने वाली आवाजों को तमाम सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स से बाहर किया गया, उससे भी यही संकेत मिला कि कॉरपोरेट जगत के हाथ में सोशल मीडिया आजाद नहीं है। अब आजादी की पोल अरबपति एलन मस्क ने खोली है। उन्होंने ट्विटर को खरीदने के लिए 52 बिलियन डॉलर की रकम आगे कर दी है। फिलहाल, ट्विटर के मौजूदा मालिक मस्क की मंशा को नाकाम करने में जुटे हुए हैं। दुनिया के सबसे अमीर शख्स मस्क ने हाल ही में ट्विटर की करीब 9 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। इसके बाद उन्होंने पूरी कंपनी खरीदने के लिए भी एक प्रस्ताव दिया। तब ट्विटर कंपनी के बोर्ड ने एक नई योजना बनाई, जिससे कंपनी में 15 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी खरीदना किसी एक शख्स या संस्था के लिए काफी मुश्किल हो जाएगा।

इस योजना को ष्पायजन पिलष् नाम दिया गया है। मस्क ने ट्विटर को करीब 43 अरब डॉलर की मार्केट वैल्यू पर खरीदने की पेशकश की थी। उसे कंपनी बोर्ड ने अस्वीकार कर दिया। तब मस्क ने कहा कि वे इस खरीदारी पर 52 बिलियन डॉलर खर्च करने को तैयार हैं। बहरहाल, ट्विट ने भले मस्क के प्रस्ताव को फिलहाल ठुकरा दिया है, लेकिन उससे कंपनी के प्रबंधकों में असंतोष पैदा होने के संकेत हैं। इसके जवाब में ट्विटर ने स्पष्ट किया है कि कंपनी बोर्ड को अगर लगता है कि ट्विटर के अधिग्रहण या हिस्सेदारी खरीदने का कोई प्रस्ताव ट्विटर और उसके शेयरधाकरों के हित में है, तो वो उन प्रस्तावों पर विचार कर सकते हैं। साफ है, मस्क की मंशा आगे चल कर पूरी नहीं होगी, यह अभी कोई नहीं कह सकता। प्रश्न यह है कि ट्विटर चाहे अपने मौजूदा प्रबंधकों के अधीन रहे या मस्क उसे खरीद लें, क्या अब वह ये दावा करने की स्थिति में है कि उसका असल मकसद मुनाफा नहीं, बल्कि सार्वजनिक संवाद का मंच मुहैया कराना है। और अगर वह मुनाफे के हिसाब से आवाजों को बढ़ाने या दबाने में शामिल बनी रहती है, तो फिर उसे सोशल मीडिया क्यों कहा जाना चाहिए?

त्वरित न्याय के खतरे

भारत में ऐसी ही व्यवस्था बनती दिख रही है, जहां शासन ने एक साइज का फांसी का फंदा तैयार कर लिया है, जिसकी गर्दन उसके फंदे में फिट होती है उसे फांसी पर लटका दिया जाता है। न्याय की यह व्यवस्था जैसे जैसे लोकप्रिय और मजबूत होती जाएगी, भारत एक देश और एक समाज के तौर पर अराजकता का शिकार होता जाएगा। और एक बार अराजक व्यवस्था लागू हो जाएगी, तो जो आज...

हरिशंकर व्यास

किसी भी सभ्य देश या समाज की सबसे पहली पहचान यह है कि वहां कानून का शासन है या नहीं। लोकतंत्र की मजबूती और आर्थिक व सामाजिक विकास की पहली शर्त कानून का राज है। कानून का राज नहीं होना किसी भी समाज को अराजकता की ओर ले जाता है। वह अराजकता किसी तरह की हो सकती है। संभव है कि वह अराजकता चुनाव जीतने में मददगार हो लेकिन सिर्फ चुनाव होने भर से कोई देश लोकतांत्रिक नहीं होता है। अफसोस की बात है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में कानून के शासन की अवधारणा खतरे में है। उसकी जगह त्वरित न्याय यानी विजिलांते जस्टिस का राज आ गया है। जिसको जहां मौका मिल रहा है वह वहीं पर न्याय कर दे रहा है। सड़क से लेकर संसद तक और सरकारी विभागों से लेकर न्यूज चौनलों के स्टूडियो तक में लिंचिंग की प्रक्रिया चल रही है। विजिलांते जस्टिस एक विचार के रूप में हमेशा हर देश और समाज में रहा है। लेकिन व्यवस्था द्वारा उसे प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। कोई भी सभ्य समाज किसी को इजाजत नहीं दे सकता कि वह कानून अपने हाथ में ले और सड़क पर न्याय कर दे। लेकिन गौरक्षा के नाम पर भारत में विजिलांते जस्टिस को मान्यता मिलने लगी। इसे समाज से प्रोत्साहन मिलने लगा। गौरक्षा के

नाम पर लोगों की हत्या करने वालों का सत्तारूढ़ दल द्वारा सार्वजनिक रूप से स्वागत किया जाने लगा। संस्कृति की रक्षा के नाम पर युवा लड़के–लड़कियों को सार्वजनिक जगहों पर बेइज्जत किया जाने लगा, उनके साथ मार–पीट होने लगी। पब और बार में बैठी महिलाओं पर हमले होने लगे। धर्म की रक्षा के नाम पर दूसरे धर्म के लोगों के साथ सार्वजनिक रूप से विवाद शुरू हो गए। गौरक्षक, संस्कृति रक्षक, धर्म रक्षक अपनी अपनी अदालतें लगा कर बैठ गए। यह प्रक्रिया चल ही रही थी कि बुलडोजर संस्कृति की शुरुआत हो गई। सरकारों ने अदालत की जरूरत ही खत्म कर दी। सरकारी संस्थाएं अपने आप में पुलिस, वकील, जज और कार्यपालिका सब बन गईं। प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत हर व्यक्ति को अपना पक्ष रखने की इजाजत देता है। इसी न्याय सिद्धांत से यह माना जाता है कि हर व्यक्ति जब तक दोषी नहीं साबित होता है तब तक बेकसूर होता है। लेकिन भारत में इस सिद्धांत को उलटा कर दिया गया। कई राज्यों में ऐसा हो रहा है कि किसी भी आरोप में पकड़े गए व्यक्ति के घर, दुकान पर बुलडोजर चला दिया जा रहा है। सरकार कह रही है कि वह अवैध निर्माण गिरा रही है, लेकिन इसका कोई जवाब नहीं है कि उसने कैसे तय किया कि निर्माण अवैध या वैध? क्या उसने आरोपी को नोटिस दिया और उसे अपना पक्ष रखने का मौका दिया? कोई व्यक्ति किसी जुलूस में शामिल हुआ या लोकतांत्रिक प्रदर्शन का हिस्सा बना तो सीसीटीवी से फुटेज निकाल कर उसके ऊपर कार्रवाई की जा रही है। अदालतें एक जगह रोक लगाती हैं तो दूसरी जगह मोर्चा खुल जाता है। जब किसी समाज में अन्याय बढ़ता है तो रॉबिनहुड पैदा होने या विजिलांते जस्टिस का समूह बनने के बारे में तो सुना गया है लेकिन भारत में सरकार ही रॉबिनहुड बन गई है, सरकारें ही विजिलांते जस्टिस का समूह चला रही हैं। अदालती प्रक्रिया में गए बगैर सरकारें लोगों को सजा दे रही हैं। ऐसा नहीं है कि इसका शिकार सिर्फ एक समूह या वर्ग हो रहा है। समाज का समूचा गरीब तबका इसका शिकार हो रहा है। मध्य प्रदेश में जिस महिला का घर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बना था उस पर भी बुलड़ोजर चल गया तो दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में झा साहेब की पान की दुकान भी टूटी और गुप्ता जी जब तक अपने दुकान की मंजूरी का सरकारी कागज लेकर पहुंचते तब तक उनकी भी दुकान टूट गई। यह बुलडोजर न्याय देश की पूरी न्याय व्यवस्था के लिए चुनौती पैदा कर रहा है। सोचें, अगर हर जगह ऐसा ही होने लगा तो क्या होगा? जिसको जहां मौका मिले वह श्न्यायय कर दे तो देश कहां जाएगा? त्वरित न्याय का खतरा यह होता है कि इससे जंगल वाली व्यवस्था बन जाती है। जो मजबूत है, वह बचा रहेगा बाकी सब खत्म हो जाएगा। या टके सेर भाजी, टके सेर खाजा वाली कहानी सही साबित हो जाती है। भारत में ऐसी ही व्यवस्था बनती दिख रही है, जहां शासन ने एक साइज का फांसी का फंदा तैयार कर लिया है, जिसकी गर्दन उसके फंदे में फिट होती है उसे फांसी पर लटका दिया जाता है। न्याय की यह व्यवस्था जैसे जैसे लोकप्रिय और मजबूत होती जाएगी, भारत एक देश और एक समाज के तौर पर अराजकता का शिकार होता जाएगा। और एक बार अराजक व्यवस्था लागू हो जाएगी, तो जो आज इस पर ताली बजा रहे हैं या खुशियां मना रहे हैं वे भी इसकी चोट से नहीं बचेंगे।

लोकतंत्र की बुनियादी आधार हैं पंचायती व्यवस्थाएं

जब स्थानीय स्तर पर सुधार होगा तभी यह प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। मतदाता को अपने मत का प्रयोग स्वेच्छा और सोच विचार कर करना चाहिए जिससे 5 वर्षों के लिए योग्य नेता के निर्देश लागू हो सके और स्थानीय संस्थाओं की स्थिति मजबूत हो जिससे अन्य स्तरों पर भी सुधार हो। आज लगभग पूरे देश में पंचायती राज पद्धतियों का गठन किया जा चुका है परंतु वास्तविक स्थिति में उतनी आत्मनिर्भर ....

विकास कुमार

पंचायती व्यवस्थाओं को स्थानीय प्रशासन का मूल आधार स्तंभ माना जाता है। भारत में प्राचीन काल से ही स्थानीय स्वशासन का प्रावधान मिलता है। भारतीय लोकतंत्र में आजादी के बाद से ही पंचायती व्यवस्थाओं को महत्व दिया जाने लगा था जिसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रतिरूपों को अपनाया जाने लगा । पंचायती राज व्यवस्था के बारे में गांधीजी की है विचारधारा रही है कि ग्राम पंचायतों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाए जिससे कि संपूर्ण प्रशासनिक गतिविधियां ग्रामीण स्तर की इनके द्वारा ही संचालित हों। यही कारण है कि भारतीय संविधान निर्माताओं ने इसके लिए अलग से प्रावधान जोड़े थे। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जिसमें चुनाव आयोग के 2019 के सूची के अनुसार ,लगभग 90 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं। रूरल कनेक्शन नेटवर्क के अनुसार, पूरे देश में 239000 ग्राम पंचायतें हैं, जो संविधान के सातवीं अनुसूची में वर्णित राज्य सूची का विषय है। इनके प्रबंधन, वित्तीय व्यवस्था ,निर्वाचन एवं संरचना की व्यवस्था का दायित्व राज्य सरकार पर निर्भर होता है।भारत की शासन व्यवस्था तीन स्तर पर कार्य करती है। जिसमें तीसरा स्तर स्थानीय स्वशासन (पंचायती व्यवस्था) हैं। भारतीय संविधान के भाग 4 अनुच्छेद 40 में इससे संबंधित उपबंध थे जो प्रवर्तनीय प्रक्रिया नहीं थी।पंचायती व्यवस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देने के पीछे राज्य संघात्मक व्यवस्था का उल्लंघन बताकर इसके पक्ष में नहीं थे। यही कारण रहा कि राजीव गांधी जी का 64 वां संशोधन (1989) और वी0पी0 सिंह का संवैधानिक प्रयास (1 जून 1990) असफल रहा। पंचायतों को संवैधानिक दर्जा 1992 और 1993 में 73 वे संवैधानिक संशोधन के द्वारा दिया गया था जिसमें नरसिम्हा राव जी ने अथक प्रयास किया था।इनके चुनाव कराने की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोग की होती है जिसका उपबंध भारतीय संविधान का अनुच्छेद 243 का (य) करता है।कुछ राज्यों ने इसके चुनाव की घोषणा कर दिया है क्योंकि संविधान था इनका कार्यकाल 5 वर्ष रखा गया है जिसका प्रावधान भारतीय संविधान का अनुच्छेद 243(श्व) ही करता है परंतु जिस उद्देश्य के लिए पंचायती व्यवस्थाओं की अवधारणा को लागू किया गया है वह अपने मूल उद्देश्य को प्राप्त करने में असहाय प्रतीत हो रहा है। इसमें सभी प्रत्याशियों के द्वारा शासनादेश का इंतजार किया जाता है और अपनी –अपनी सुविधानुसार तैयारियां भी आरंभ कर दी जाती है।मतदाताओं और प्रत्याशियों के मध्य वार्तालाप प्रारंभ होता है परंतु संवाद प्रारंभ नहीं होता, क्योंकि संवाद की प्रक्रिया तो चुनाव में अक्सर रिक्त रहती है। संवाद की स्थिति में ना ही मतदाता है और ना ही प्रत्याशी। राजनीतिक दलों के बड़े–बड़े नेताओं का भी इन चुनावों में आगमन होता है जिससे वह अपनी उपलब्धियां गिनाते हैं।मतदाता भी सुनकर आनंदित होता है और बाद में नेता जी जिंदाबाद भी बोलता है क्योंकि वह भूल चुका होता है कि हमारी स्थानीय समस्याएं लोन के पैसों का कमीशन, आवास कमीशन ,सड़क और पानी की समस्याएं क्या है? शिक्षा और स्वास्थ्य तो इन चुनावों में गौड मुद्दे बन जाते हैं । प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति और अन्य सभी स्थानीय कार्य मतदाता भूल चुका होता है और मुखिया भी उसी को बना देता है, जिसका कोसों इनसे संबंध नहीं होता। इन चुनाव में उम्मीदवारों का उद्देश्य और कार्य अनुभव भी नहीं पूछा जाता जिसका कारण जागरूकता की कमी कहें या शिक्षा का अभाव । हालांकि पंचायती व्यवस्थाओं से स्थानीय निकायों में सुधार भी हुआ है परंतु उन सभी परियोजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता जो ग्रामीणों के लिए होती हैं। ऐसे में सभी मतदाताओं को चाहिए कि जातिवाद, धर्म, क्षेत्रवाद और व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने वाले केवल प्रत्याशी को ना चुनकर सार्वजनिक आकांक्षाओं में खरे उतरने वाले प्रत्याशी का चयन करें। जब स्थानीय स्तर पर सुधार होगा तभी यह प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। मतदाता को अपने मत का प्रयोग स्वेच्छा और सोच विचार कर करना चाहिए जिससे 5 वर्षों के लिए योग्य नेता के निर्देश लागू हो सके और स्थानीय संस्थाओं की स्थिति मजबूत हो जिससे अन्य स्तरों पर भी सुधार हो। आज लगभग पूरे देश में पंचायती राज पद्धतियों का गठन किया जा चुका है ,परंतु वास्तविक स्थिति में उतनी आत्मनिर्भर निर्भरता देखने को नहीं मिली, जितना कि इसको लागू करने के समय सपना देखा गया था। आरक्षण का प्रावधान पंचायती पद्धतियों में अनुच्छेद 243 क (ष्ठ,4) किया तो गया है, परंतु उसका पूरा लाभ ना महिलाएं ले पाती पाती हैं और ना ही नीचे तबके के वर्ग, क्योंकि आज भी कई पूर्वाग्रह प्रवृत्तियों से प्रेरित होकर ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान किया जाता है घ जब पंचायती व्यवस्था सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनेगी तभी भारत का लोकतंत्र और मजबूत होगा घ सुधार की प्रक्रिया ग्रामीण से ही शुरू हो सकती है। महिलाएं सरपंच तो बन जाती हैं परंतु वह प्रशासन नहीं चलाती हैं प्रशासन उसके पति द्वारा चलाया जाता है। एससी एसटी वर्ग का व्यक्ति सरपंच तो बन जाता है परंतु प्रशासन किसी धनाढ्य लोगों द्वारा चलाया जाता है। आज भी कई राज्य ऐसे हैं जिन्होंने पंचायती व्यवस्थाओं को उनके संपूर्ण विषयों को हस्तांतरित नहीं किया है। पंचायत के चुनाव में भी छल और बल से काम लिया जाता है। किस व्यक्ति की पहुंच शासन प्रशासन के ऊपर तक होती है प्रमुख पदों पर वही आसीन होता है। यही कारण है कि जिन उद्देश्य से भी का निर्माण किया गया था वह पूरा नहीं हो पा रहा है। गांव के विकास के नाम पर करोड़ों का फंड सरकारों के द्वारा दिया जाता है, परंतु उसका संपूर्ण लाभ गांव के सही व्यक्ति पर नहीं खर्च होता है।यही कारण रहा कि आज तक पंचायती व्यवस्था पूर्णतया आत्मनिर्भर और उन संपूर्ण सपनों को साकार नहीं कर सकी जिनके लिए इनको संगठित किया गया है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि पंचायती राज को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास करें और इस प्रयास में सबसे बड़ा कदम हो सकता है शिक्षा ।बिना शिक्षा के जागरूकता संभव नहीं है और जब नागरिक और मतदाता जागरूक होंगे तभी यह सब संभव हो पाएगा।

(लेखक – केंद्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में रिसर्च स्कॉलर हैं एवं राजनीति विज्ञान में गोल्ड मेडलिस्ट है।)

युवक ने महिला को चाकू मारकर किया घायल

देवरिया। डीएम आवास के समीप राघव नगर मोहल्ले में .सुबह युवक ने महिला को चाकू मारकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के जलकल रोड की रहने वाली फूलमती देवी पत्नी रामनयन चौहान शहर में किराए के मकान में परिवार के साथ रहती हैं। वह शहर में लोगों के घर पर काम कर परिवार का भरण पोषण करती हैं।देर शाम किसी काम से रामपुर कारखाना कस्बा अपने घर गई थी। सुबह वह वापस आ रही थी। अभी वह राघव नगर में डीएम आवास के समीप पहुंची थी कि युवक ने महिला को रोका और गालियां देने लगा। विरोध ा करने पर चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया। आरोपित मदनपुर का रहने वाला है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

ससुराल आए युवक का पोखरे के पास मिला शव

देवरिया। बघौचघाट क्षेत्र के नेरुआरी स्थित पोखरे के समीप से रात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। युवक साली की शादी में हिस्सा लेने के लिए घर से आया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ भी कहने की बात कह रही है। कुशीनगर जनपद के पड़रौना कोतवाली के ग्राम बकुलहां के रहने वाले दुर्गेश कुमार की शादी बघौचघाट क्षेत्र के आनंदनगर में तुफानी के घर हुई थी। ससुराल में छोटी साली की बरात आनी थी। दुर्गेश बाइक से अपने ससुराल आ गए। देर रात उनका शव पोखरे के पास से बरामद किया गया। लोगों का कहना है कि ससुराल में पत्नी सीमा से कुछ बात भी हुई थी। थानाध यक्ष उपेंद्र मिश्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

सड़क हादसे में मिस्त्री की मृत्यु, परिवार में मातम

देवरिया। खामपार क्षेत्र के मदनचक गांव के समीप साइकिल सवार पंपिगसेट मित्री की पिकअप की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। मिस्त्री की मृत्यु के बाद परिवार में मातम छा गया। क्षेत्र के परगसहा टोला मदनचक के रहने वाले गोपीचंद शर्मा पंपिगसेट बनाने का कार्य करते थे। दोपहर वह बलिवन गांव में किसी कार्यवश साइकिल से गए थे। लौटते समय गांव के समीप ही पिकअप ने उन्हें ठोकर मार दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। चौकी प्रभारी अश्वनी सिंह ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है। पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है।

जिले में मिले दो नये कोरोना संक्रमित, 1442 की रिपोर्ट निगेटिव

देवरिया। जिले में कोरोना संक्रमितों के मिलने का सिलसिला एकबार फिर से शुरू हो गया है। आई कोरोना जांच रिपोर्ट में दो कोरोना पाजिटिव मिले, जबकि 1442 की रिपोर्ट निगेटिव रही। पाजिटिव आए लोगों को होम आइसोलेशन में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है जबकि पाजिटिव के संपर्क में आने वाले परिवार के लोगों की कोरोना जांच कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर से लोगों को कोरोना के प्रति सावधान करने में जुट गया है। पाजिटिव आए लोगों में एक महिला व एक पुरुष हैं। दोनों शहर के रामगुलाम टोला के रहने वाले हैं। सर्दी, खांसी व बुखार आने पर जांच कराए और जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने बताया कि आज आई कोरोना जांच रिपोर्ट में दो पाजिटिव आए हैं। दोनों को होम आइसोलेशन में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। उनके संपर्क में आने वाले लोगों की कोविड जांच कराई जा रही है।

तार टूटकर गिरने से विद्युत उपकेंद्र परिसर में लगी आग

देवरिया। तरकुलवा विद्युत उपकेंद्र परिसर में हाईटेंशन तार टूट कर गिरने से आग लग गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने के चलते घंटों उपकेंद्र की बिजली आपूर्ति ठप रही। जिसके चलते उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। तरकुलवा उपकेंद्र से बंजरिया समेत चार फीडर को बिजली आपूर्ति की जाती है। दोपहर को सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति चल रही थी। अचानक बंजरिया फीडर से निकलने वाले हाईटेंशन तार टूट कर उपकेंद्र में ही गिर गया और तेज आवाज के साथ परिसर में ही आग लग गई। यह देख मौके पर अफरा–तफरी मच गई। बिजली कर्मचारियों ने आपूर्ति बंद करते हुए आग बुझाना शुरू कर दिया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। बाद में अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची और आग को बुझाया। अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि हाईटेंशन तार टूट कर गिरने से आग लग गई और बिजली आपूर्ति ठप हुई थी। आग को बुझाने के साथ ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

एसडीएम ने बांध का निरीक्षण कर जाना हाल

फुलमनहा। बृजमनगंज विकास खंड क्षेत्र में उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र व तहसीलदार वाचस्पति सिंह ने बांध का निरीक्षण किया। एसडीएम ने राजपुर से दौलतपुर बांध व सहजनवाबाबू, रसोइया, पृथ्वीपालगढ़ गांव के सटे बांध का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि बाढ़ वाले गांव के सटे बांध का निरीक्षण किया गया। जल्द ही रिसाव व क्षतिग्रस्त वाले स्थानों का मरम्मत कराकर गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए उपाय किया जाएगा।

किशोर सहित 2324 को लगा कोरोनारोधी टीका

महराजगंज। जिले में कोरोना से बचाव का टीका और जांच कराने को लेकर स्कूलों और केंद्रों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। किशोर सहित 2324 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया और 1005 लोगों की जांच की गई। जिला महिला अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और 15 स्कूलों पर टीकाकरण व जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूलों पर 12 से 14 तथा पंद्रह से 18 वर्ष के बच्चों को टीका लगाया गया। नोडल अधिकारी डा.आइए अंसारी ने बताया कि परतावल में 180, पनियरा 76, घुघली 126, सदर 21, सिसवा 28, मिठौरा 52, निचलौल 52, बृजमनगंज 58, फरेंदा 112, लक्ष्मीपुर 30, नौतनवा 126, धानी 30, महिला अस्पताल में 114 की कोरोना जांच की गई। एंटीजन से 526 लोगों की जांच की गई। आरटीपीसीआर जांच के लिए 479 लोगों का नमूना भेजा गया है। नहीं मिला एक भी कोरोना संक्रमितः महराजगंज। जिले में एक भी कोरोना संक्रमित नहीं मिला है। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 14873 है। इसमें 14725 ने कोरोना से जंग जीत ली है। वहीं अब तक 146 की मृत्यु हो चुकी है। सक्रिय रोगियों की संख्या दो है।

छात्रों को लगा कोरोना रोधी टीका

महराजगंज। कास्मोपोलिटन स्कूल महराजगंज में 12 से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग से एएनएम रीमा देवी एवं दीपिका चौहान ने 12 से लेकर 15 वर्ष के बच्चों को टीका लगाया गया। टीका लगवाने वाले बच्चों में अनामिका यादव, निशा गुप्ता, मंजेश सिंह, आरिफ अंसारी, अनामिका गौतम, शाहिता परवीन, द्वारिका दुबे, पीयूष जायसवाल, अमन शर्मा, कात्यायनी त्रिपाठी, जीनत शेख, श्रेया यादव, कंचन प्रजापति, आदित्य सिंह यादव प्रमुख रहे।

ईंट निर्माताओं को अब देना होगा बारह फीसद जीएसटी

देवरिया। ईंट निर्माताओं को अब एक नहीं, बल्कि बारह फीसद जीएसटी देना होगा। एक अप्रैल से जीएसटी में कंपोजिशन योजना समाप्त कर दी गई है। यह जानकारी असिस्टेंट कमिश्नर राज्य कर खंड तीन–चार जयंत कुमार सिंह ने ईंट भट्ठा मालिकों के साथ जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने कहा कि ईंट निर्माताओं के लिए एक स्पेशल स्लैब छह प्रतिशत की दर से लागू की गई है, जो तीन प्रतिशत सीजीएसटी व तीन प्रतिशत एसजीएसटी यानी कुल छह प्रतिशत सरकार को देने होंगे। असिस्टेंट कमिश्नर राज्य कर खंड एक–दो आशीष मिश्र ने कहा कि 31 मार्च या उसके पूर्व कंपोजीशन योजना का लाभ लेने वाले व्यापारी स्पेशल स्लैब दर छह प्रतिशत व 12 प्रतिशत में अपनी सुविधानुसार स्वीकार करना होगा। कंपोजीशन योजना समाप्त होने के कारण ईंट भट्ठा कारोबारी आपूर्ति का बिल इस्तेमाल नहीं कर सकते। कोयले के भाड़े पर पांच प्रतिशत आरसीएम देना अनिवार्य है। जिसे प्रत्येक माह जमा करना है। यदि वार्षिकी बिक्री 1.50 करोड़ से कम है तो जीएसटीआर–3बी तिमाही भरने का विकल्प लिया जा सकता है। यदि अधि ाक है तो जीएसटीआर–3बी प्रत्येक माह भरना होगा। टैक्स इनवायस में ईंट के दाम व उसका भाड़ा दोनों के कुल योग पर कर ग्राहक से लिया जाएगा। जिसे जमा करना अनिवार्य है। अपंजीकृत व्यापारी से बुरादा, लकड़ी, भूसा आदि पर कोई भी आरसीएम टैक्स नहीं देना है। ईंट भट्ठा संघ के जिलाध यक्ष व पूर्व एमएलसी महेंद्र यादव ने कहा कि ईंट भट्ठा मालिकों का सहयोग करें। इस मौके पर राज्य कर अधिकारी चक्रवर्ती नारायण मिश्र, मुक्तिनाथ त्रिपाठी, मायाराम यादव, संदीप यादव, सत्यप्रकाश चौबे, नसीबुल हसन, कुश मिश्र, शमरध ू सिंह, मुखराम पांडेय, जितेंद्र कुमार राव, अनिल सिंह, संदीप सिंह, विद्या सागर मिश्र, रामप्यारे यादव, दीपक सिंह, नागेंद्र प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, प्रदीप गुप्ता, राम सिगार चौरसिया आदि मौजूद रहे।

देहदान के लिए आगे आने की जरूरत: डा. श्रीपति

देवरिया। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के एनाटामी विभाग एवं युग दधीचि देहदान संस्थान के संयोजन में मेडिकल कालेज के सभागार में देहदान एवं इसकी उपयोगिता व जन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एनाटामी विभाग के सहयोग से संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आलोक पांडेय उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि देहदान महादान है। देहदान के लिए समाज के लोगों को आगे आने की जरूरत है। मेडिकल कालेज को कानूनी प्रक्रिया के तहत बहुत जल्द मानव शव उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र पढ़ाई कर सके। युग दधीचि संस्थान के संस्थापक मनोज सेंगर ने देह दान करवाने के प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अपने अनुभव साझा किया। एनाटामी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मृत्युंजय पांडेय ने एनाटामी पढ़ाने के लिए एवं बच्चों के बेहतर पठन–पाठन के लिए मृत देह की आवश्यकता के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान देवरिया जिले तीन लोगों ने अपने स्वैच्छिक देहदान की इच्छा जाहिर की। जिसमें विष्णु गोयल, रजनी श्रीवास्तव एवं निशांत मिश्रा ने अपनी मृत्यु के पश्चात देहदान करने का संकल्प लिया और एनाटामी विभाग में अपना रजिस्ट्रेशन फार्म जमा किया। कार्यक्रम के दौरान स्वैच्छिक देह दान करने वाले लोगों का माल्यार्पण और एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित किया गया। डा. शालिनी गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी और लोगों को देहदान के प्रति जागरूक की। इस दौरान डा. कल्पना पुरोहित डा. शालिनी गुप्ता, डा. प्रतीक रंजन, डा. अनिमेष, डा. बबीता कपूर, डा. राजीव सक्सेना, डा. संजय भट्ट, डा. आरके श्रीवास्तव, डा. राजीव रंजन आदि मौजूद रहे।

नौनिहालों की पढ़ाई पर महंगाई का भार, अभिभावक परेशान

देवरिया। महंगाई का असर इस बार नौनिहालों की पढाई पर भी दिख रहा है। कापी, किताब व स्टेशनरी के मूल्य में हुई वृद्धि से अभिभावक परेशान नजर आ रहे हैं। लगभग दो वर्ष बाद अब विद्यालय पुनरू संचालित होने शुरू हुए हैं। नए सत्र शुरू होते ही अभिभावक बच्चों के लिए पाठ्य सामग्री खरीदने में जुटे हैं, लेकिन बीते सत्रों की अपेक्षा सभी वस्तुओं के लगभग 25 से 30 प्रतिशत अधिक मूल्य पर मिलने से अभिभावक मायूस नजर आ रहे हैं। कागज के दामों में हुई वृद्धि से शिक्षा से जुड़ी हर चीज की कीमतें आसमान छू रही हैं। दो वर्ष से विद्यालय बंद रहने के बाद भी अभिभावक स्कूल फीस की मार झेल रहे हैं। बैग की कीमत में भी इजाफा हो गया है। पहले जो स्कूली बैग ढाई सौ का था, इस बार सवा तीन सौ से साढ़े तीन सौ रुपये में मिल रहा है। पांच रुपये वाले कई पेन भी अब सात रुपये में मिल रहे हैं और पांच रुपये वाली पेंसिल अब सात रुपये में मिल रही है। निजी विद्यालयों में फीस में भी बढ़ोत्तरी हुई है। जिसके चलते लोग परेशान हैं। इसके अलावा छात्रों को ले आने व ले जाने के लिए प्रयोग होने वाले स्कूली वाहनों के किराया भी बढ़ा दिया गया है। पहले एक छात्र के लिए यह वाहन डेढ़ हजार रुपये लेते थे, लेकिन अब दो हजार रुपये ले रहे हैं।

कंपनियों ने दाम बढ़ाने के साथ ही पेज भी कर दिया है कमः 128 पेज की कापी पहले की कीमत पर ही 120 पेज की कर दी गई है। कई कंपनियों ने तो पेज कम करने के साथ ही मूल्य भी बढ़ा दिया है। 64 पेज की जो कापी 10 रुपये में आती थी, वह अब 48 पेज के होने के साथ ही 15 रुपये की हो गई है। 164 पेज की कापी पहले 30 रुपए में आती थी। इसका दाम बढ़कर अब 35 से 40 रुपए हो गया है। 28 पेज की जो कापी पांच रुपए में आती थी, अब 20 पेज की होने के साथ ही आठ से 10 रुपए में आ रही है। रफ कापी पहले काले पेज की 20 रुपए में आती थी। इसके दाम अब बढ़कर 25 से 30 रुपये हो गए हैं। इसी प्रकार 192 पेज की कापी 25 से 35 रुपए की हो गई है। स्टेशनरी विक्रेता इसकी वजह कागज की कीमतों में हुई वृद्धि बता रहे हैं। दो से ढाई हजार रुपये अधिक करना पड़ रहा खर्चः अभिभावकों को अपने बच्चों की कापी व किताब खरीदने के लिए ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ रही है। इससे उनका बजट बिगड़ रहा है। वैसे तो किताबें जीएसटी से मुक्त हैं, लेकिन प्रिटिंग में प्रयोग होने वाली इंक व कागज पर भारी–भरकम जीएसटी लगने से किताबों पर भी महंगाई की मार पड़ रही है। दो से ढाई हजार रुपये अधिक इस बार लोगों को खर्च करना पड़ रहा है।

अनुसूचित जाति के मामलों में त्वरित कार्रवाई करें

महराजगंज। अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष रामनरेश पासवान ने अनुसूचित जाति से संबंधित प्रकरणों एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए ध नेवा–धनेई अतिथि गृह में बैठक की। अतिथि गृह में भाजपा जिलाध्यक्ष रविदास परदेशी के नेतृत्व में आये शिष्टमंडल के साथ मुलाकात की और संबंधित अधिकारियों से अनुसूचित जाति से जुड़े प्रकरणों एवं उनपर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उपाध यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार अनुसूचित जाति के उत्पीड़न पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। इसलिए सभी अधिकारी अनुसूचित जाति के मामलों को पूरी गंभीरता से लें और कोई शिकायत हो या योजना का क्रियान्वयन, अधिकारी तत्काल कार्रवाई करें। इसके बाद उपाध्यक्ष अनुसूचित छात्रावास गए। वहां उन्होंने छात्रों से बात की। छात्रों द्वारा छात्रावास में मरम्मत की आवश्यकता बताई गई, जिस पर उन्होंने ने समाज कल्याण अधिकारी को प्रस्ताव बनाकर भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने फरेन्दा वृद्धाश्रम का भी निरीक्षण किया और वृद्धजनों से संवाद स्थापित किया। कुछ लोगों ने आयुष्मान कार्ड न होने की बात कही। जिस पर उन्होंने समाज कल्याण अधि ाकारी और आश्रम के निरीक्षक को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र लोगों का कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी सुध ीर पांडेय, अपर उपजिलाधिकारी मदन मोहन वर्मा, सीओ सदर अजय सिंह चौहान , जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, नरेश पासवान समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

विद्यार्थी टैबलेट का सही सदुपयोग कर भविष्य संवारेंः पंकज चौधरी

महराजगंज। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार की सोच हर विद्यार्थियों को हाईटेक करने की है। इसके लिए वह धीरे–ध ीरे अपना कदम आगे बढ़ा रही है। विद्यार्थी इस टैबलेट, स्मार्टफोन का सही सदुपयोग करें और अपना भविष्य संवारें। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, महामाया आइटी पालिटेक्निक महराजगंज के प्रांगण में अंतिम वर्ष के छात्र–छात्रों के टैबलेट, स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी कठिन परिश्रम करें और लक्ष्य को प्राप्त करें। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल ने कहा कि वर्तमान युग में हर व्यक्ति को अपडेट रहना होगा। टैबलेट इसके लिए मददगार साबित होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, एसडीएम महेंद्र प्रताप, नायब तहसीलदार देश दीपक तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कुल 247 छात्र–छात्राओं को टैबलेट, स्मार्ट फोन दिया गया। कार्यक्रम में राम प्रकाश सिंह, डा. महेंद्र सिंह, देश दीपक सिंह, संजीव कुशवाहा, नोडल अधि ाकारी सूर्यप्रताप यादव, राशिद अली, जेपी सिंह, राजकीय पालिटेक्निक कालेज पुरैना के नोडल अधिकारी अरविद कुमार, विपिन कुमार कन्नौजिया, दीपेश शर्मा, तरूण कुमार, वर्षा चौरसिया, गुरदीप श्रीवास्तव, मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

बीट कांस्टेबल व लेखपाल मिलकर हल करें समस्या

श्यामदेउवा/मंगलपुर। जन शिकायतों का निस्तारण करने के लिए श्यामदेउरवा में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीआइजी जे रविन्द्र गौड़ ने जनता की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि पुलिस का महत्वपूर्ण कर्मचारी बीट सिपाही और प्रशासन का लेखपाल होता है। इसलिए दोनों मिलकर समस्या का समाधान करें। भूमि पर बार–बार कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित नौ मामले आए, जिसमें तीन का निस्तारण किया गया। डीआइजी ने भोजनालय, आवास, थाना परिसर, बैरक,थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया एवं जरूरी दिशा निर्देश दिया। नायब तहसीलदार विवेकानंद दुबे, थानाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता, अतिरिक्त निरीक्षक ध्यान सिंह चौहान, एसआइ मृत्युंजय उपाध्याय, अनिल सिंह, सुरेंद्र राम, लालचंद भारती, सुजीत यादव, अनूप यादव, प्रभात पांडेय, सुनील कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

थाना समाधान दिवस में 18 जन शिकायतों का निस्तारण

महराजगंज। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने थाना कोतवाली व सिन्दुरिया थाना परिसर में जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के सभी थानों में 102 लोग फरियाद लेकर पहुंचे। इनमें से 18 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई है। अधिकांश मामले भूमि विवाद से जुड़े हुए आए थे। डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डा. कौस्तुभ ने जनसुनवाई के दौरान जनशिकायतों को सुनकर उसके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया । राजस्व व पुलिस टीम का गठन कर गुण दोष के आधार पर जनशिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस पर आने वाले प्रार्थना पत्र तथा जनपद मुख्यालय से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को जो भूमि विवाद संबंधित हो थाना दिवस पर उच्च प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाय। जनसुनवाई के दौरान थाना कोतवाली में 18 व सिन्दुरिया में कुल 05 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए।

एससीसी कैडेटों ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

नौतनवा। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज के एनसीसी कैडेटों व पुलिस ने संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के नारे लगाकर जागरूक किया गया। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। किसी भी प्रकार का नशे का सेवन कर वाहन नहीं चलाना चाहिए। गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन अथवा दूसरे इलेक्ट्रानिक उपकरणों के उपयोग करने से ध्यान हटने के कारण सड़क दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। वाहन सदैव निर्धारित गति सीमा में ही चलाना चाहिए। स्कूल के प्रधानाचार्य जनमेजय सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का सभी वाहन चालक यदि पालन करें तो दुर्घटना होना असंभव है। इसलिए बाएं–दाएं से मुड़ते समय एक बार अवश्य देखकर आगे बढ़े।

हर व्यक्ति के लिए मददगार साबित हो रहा स्वास्थ्य मेला

महराजगंज। हर व्यक्ति के जीवन में स्वास्थ्य और शिक्षा बहुत जरूरी है। केंद्र व प्रदेश सरकार इसके लिए कटिबद्ध है। सभी वर्गों को ध्यान में रखकर सरकार लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। स्वास्थ्य मेला भी इसी की एक कड़ी है, जो सभी के लिए मददगार साबित हो रही है। यह बातें केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लक्ष्मीपुर और रतनपुर में आयोजित ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेले में कही। इस दौरान कुल 1630 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। लक्ष्मीपुर व रतनपुर संवाददाता के अनुसार विशिष्ट अतिथि नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य मेले में एक छत के नीचे स्वास्थ्य की सभी सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। आमजन इसका लाभ उठाएं। इस दौरान केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और विधायक ने बाल विकास परियोजना, बेसिक शिक्षा परिषद, होम्योपैथ चिकित्सा, आयुर्वेद, युवा कल्याण विभाग, सामुदायिक स्वास्थ, डाट्स, कुष्ठ रोग, महिला कल्याण, किशोरी स्वास्थ्य परामर्श, दवा वितरण, आयुष्मान भारत कार्ड, एचआइवी विभाग समेत कुल 14 विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। संचालन विश्व हिदू परिषद के विभाग मंत्री चंद्र प्रकाश मिश्र ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समीर त्रिपाठी, भाजपा नेता हरिकेश चंद पाठक, जिला पंचायत सदस्य रामसेवक जायसवाल, डिप्टी सीएमओ आइए.अंसारी, अधीक्षक डा.सुशील कुमार गुप्ता सहित चौदह विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। रतनपुर में कुल 742 रोगियों की जांच की गई। इसमें 306 महिला और 437 पुरुष थे। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चोधरी, विधायक ऋषि त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख राकेश मद्धेशिया उपस्थित रहे। मेले में चिकित्सा, औषधि, टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, कोविड़ टीकाकरण, कोविड जांच आदि के स्टाल लगाए गए थे। सीएचसी अधीक्षक डा. अखिलेश यादव, डा. अमित राव गौतम, डा. जितेंद्र कुमार, डा. सुरेंद्र कुमार, डा. जेपी चौधरी, डा. विश्वजीत, फिजियोथैरेपिस्ट जितेंद्र कुमार त्रिपाठी, बीसीपीएम मुदिता त्रिपाठी, हरिनाथ यादव, धर्मेंद्र शाही सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी ब्लाक स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

एकेडेमिक ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गुडलक पार्टी व विदाई समारोह

माणिक्य शुक्ला मिस्टर फेयरवेल व अमोघा सिंघारिया चुनी गई मिस फेयरवेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। एकेडेमिक ग्लोबल स्कूल में शनिवार को धूमधाम से कक्षा दसवीं के छात्रों की गुडलक पार्टी व 12वीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कक्षा नौवीं के छात्रों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए गुड लक पार्टी का आयोजन किया। इस अवसर पर 9वी के छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें बच्चों ने संगीत, नृत्य, पहेलियां व म्यूजिकल चेयर सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत काजल निषाद द्वारा गणेश व सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद दीपशिखा,तन्मय, जोया व अभिषेक यादव द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि व अर्पिता ने किया। इसके बाद शाल्वी पांडेय, सिद्धि, साक्षी चौरसिया, साक्षी शर्मा, अनन्या, रिद्धि, मुदिता, अतस, काजल, अंशिका, हर्षिता, अनम, आकृति अन्य व अदिबा द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा अमृतांशु, प्रांजल, पार्थ शाही, अभिषेक, रत्नाकर, तन्मय, नवनीत, मंथन, अभय नारायण, तान्या, अपूर्वा त्रिपाठी, मानसी, विशाखा, सावनी, कशिश, जान्हवी, पायल आदि ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा शिक्षक सुमित चौधरी, अर्चना पाठक, जय गौड़, आशीष श्रीवास्तव, उपेंद्र द्विवेदी, अर्चना पांडेय, सुनीता मिश्र, अभिषेक राव, श्रवण कुमार, शम्भू कुशवाहा आदि ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के चेयरमैन ई. संजीव कुमार ने 10वीं और 12वीं के छात्रों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा धन है जिसे न तो बांटा जा सकता है और न ही छीना जा सकता है। एक नए राष्ट्र की कल्पना व बेहतर समाज के लिए शिक्षित होना बेहद जरूरी है। आप ही आगे चलकर समाज के विभिन्न पदों पर आरूढ़ होकर नए समाज का निर्माण करेंगे।निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि सीबीएसई द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही छात्र अपने प्रश्न पत्रों की तैयारी कर परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचकर परीक्षा में सम्मिलित हों, अपने मन मस्तिष्क को स्थिर रखकर ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचे, बिना किसी तनाव के परीक्षा में बैठकर अपने प्रश्न पत्रों को हल करें।उन्होंने कहा कि 12वीं तक के छात्रों को सुरक्षा प्रदान के लिए उनके शिक्षक माता–पिता व अन्य सहयोगी आपके साथ मौजूद रहते हैं लेकिन 12वीं पास कर जब कॉलेज में जाते हैं तो वहां आपको एक नया माहौल मिलता है। जिससे बेहतर शिक्षा मिल सके। शैक्षिक परिवेश में ही आप अपने आप को ढाल कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। प्रधानाचार्य वीसी चॉको ने कहा कि दसवीं के छात्रों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा है, सभी छात्र नियत समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में शामिल हो। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग सिर्फ अपने परीक्षा व पढ़ाई से जुड़ी हुई पाठ्य सामग्रियों के लिए ही करें ताकि उसका सही व उचित लाभ मिल सके। एडमिनिस्ट्रेटर अफरोज खान ने कहा कि आपका व्यवहार व व्यक्तित्व ही आपकी पहचान है। 12वीं के बाद आप अपने व्यक्तित्व से जाने जाएंगे न कि आप अपने माता पिता के नाम से। इसलिए सभी अपने व्यक्तित्व का बेहतर निर्माण करें।इस दौरान 12वीं के छात्रों द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों द्वारा नृत्य गीत व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तो वही ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा विभिन्न माध्यमों के आधार पर मिस्टर फेयरवेल व मिस फेयरवेल का चुनाव किया गया जिसमें माणिक्य शुक्ला को मिस्टर फेयरवेल व अमोघा सिंघारिया को मिस फेयरवेल चुना गया। इस अवसर पर शिक्षक सीएल मौर्या, सोनू कसौधन, ओपी यादव, आरके चौधरी, जफर अहमद, रीता चौधरी, मनीष, अजय रावत आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

चोरी के सामान के साथ अभियुक्त

स्वास्थ्य कर्मी के घर में हुए चोरी का पुलिस ने किया खुलासा दो अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र/अनपरा।बीते दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिबुलगंज में स्वास्थ्य कर्मी के घर चोरी हुए सामान को अनपरा पुलिस ने बरामद कर लिया।इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। पुलिस के मुताबिक सुधा गौतम पत्नी स्व राजेन्द्र कुमार निवासिनी क्वार्टर नं–15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिबुलगंज ने थाने में आकर तहरीर दी कि वो बीते 10 अप्रैल को अवकाश पर अपने घर कानपुर गई थी। वहां से वापस देखा तो घर में रखे कूलर,गैस चूल्हा, एलसीडी टीवी सहित कई सामान चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया हैं। तहरीर मिलते ही पुलिस टीमें गठित कर घटना के अनावरण हेतु जुट गई। मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने रविवार को शनि धरिकार पुत्र सकेंदर धरिकार व मोनू धरिकार पुत्र बबुंदर धरिकार निवासी गण धरिकार बस्ती वार्ड नंबर 12 थाना अनपरा को गिरफ्त में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपियों ने चोरी की बात कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर तीन इंडेन सिलेंडर,एक गैस चूल्हा,दो एलसीडी टीवी,एक कूलर,दो कुर्सी बरामद कर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय, उपनिरीक्षक संजय सिंह,हेड कांस्टेबल पंकज पाठक, कांस्टेबल अमित कुमार सोनकर, कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल नवीन कुमार आदि शामिल रहे।

कैंसर मरीजों के लिए वितरित की गई खाद्य सामग्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। प्रतिभा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रविवार को पोद्दार कैंसर अस्पताल में कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा लगभग 400 मरीजों को मौसमी फल के अलावा न्यूट्रीएंट व ठंडे व पौष्टिक खाद्य पदार्थ वितरित किए गए। जिसमें दूध, दही, सेब, केला, खीरा, ककड़ी, चुकन्दर, तरबूज खरबूज जैसे फलों का वितरण हुआ। इस अवसर पर सोसायटी की अध्यक्ष करुणा भदानी ने कहा कि मरीजों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य है। साथ ही ऐसे मरीजों की सेवा जो अपने जिंदगी से जूझ रहे हो उनके साथ कुछ समय बिताना ही उनके जीवन में नई आशा की किरण जगाना है। ऐसे में कैंसर पीड़ित मरीजों के साथ हमें जरूर कुछ समय बिताना चाहिए जिससे कि उनका मनोबल ऊंचा हो और वह जल्द स्वस्थ होकर फिर से नई जिंदगी की शुरुआत कर सकें।स्वाति कुमार ने कहा कि गरीब, असहाय, पीड़ित व मरीजों की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। हमें ख्याली दुनिया से निकलकर वास्तविक दुनिया में जीना चाहिए। जिससे हम लोगों की समस्याओं को देख सकें और जहां तक संभव हो सके उनकी मदद कर स्वस्थ समाज का निर्माण करने में अपनी भूमिका निभाए। छाया सिंह ने कहा कि देश व समाज तभी विकसित हो सकता है, जब वहां की आम जनता मूलभूत सुविधाओं से लैस हो। हमें धरातल स्तर पर असहायो, पीड़ितों व मरीजों के लिए आगे आना होगा जिससे कि हम उनका सहयोग कर देश को अग्रणी बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर एकता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, त्रिशला मंझलानी, रंजना, संगीता, निधि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

युवाओं के लिए डिजिटल मार्केटिंग में सुनहरा अवसर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आज जिस तरह भारत के युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं उसी के बीच में युवाओं को रोजगार देने आई है ग्रोथ ड्रीम इंडिया मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड जो एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। जहां लोगों को डिजिटल मार्केटिंग करने तथा अन्तरप्रेन्योर बनाने का काम कर रही है। कंपनी के डायरेक्टर गुंजा व पूजा दुबे का कहना है कि हम अपने कांसेप्ट के माध्यम से भारत के तमाम बेरोजगार युवाओं को आमंत्रित करते हैं कि वह इस डिजिटल कॉन्सेप्ट के माध्यम से घर बैठे अपना व्यवसाय शुरू करें और अपना कैरियर यहां से बनाएं।

कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का सोनभद्र प्रथम आगमन पर करमा में भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के प्रथम आगमन पर करमा में जिला उपाध्यक्ष रामपति पटेल के निज आवास के समीप कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया वही कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं का आभार प्रगट करते हुए कहा कि पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता होते हैं किसी भी समस्या केलिए कार्यकर्ता किसी भी समय मिल सकतें है समस्या का समाधान किया जायेगा साथ में सांसद पकौड़ी कोल, बिधायक राहुल कोल, जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, अभिशेष चौबे, अरूण सिंह अंजनी तिवारी, भुनेश्वर सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, अशोक पटेल, अनुप सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गेहूं की फसल व पोल्ट्री फार्म आग से राख

जौनपुर।सरपतहां थाना क्षेत्र के डकहा– जूड़ापुर गांव के पास अज्ञात कारणों से लगी आग में मड़ाई के लिए काटकर रखी गयी गेहूं की फसल तथा पोल्ट्री फार्म जलकर राख हो गया।अग्निकाण्ड की सूचना मिलते हीं थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गये और अग्नि शमन विभाग को इसकी जानकरी दी। जानकारी के अनुसार तेज उमस से आग तेजी से फैलती हुई लगभग 2 किमी.से अधिक के क्षेत्र में फैल गयी।बहुसंख्यक खेतों में मडाई पूरी हो चुकी थी परन्तु भूसा बनाने के लिए छोड़ी गयी फसल आग में जल कर राख हो गयी।पलिया निवासी चन्दे बिन्द की लगभग दो बीघे मडाई के लिए काटकर रखी गई गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गयी तथा जूड़ापुर निवासी बब्बू सिंह का पोल्ट्री फार्म भी आग की चपेट मे आ गया।मुख्यालय से पहुंची अग्नि शमन की दो टीमों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया।

किशोरी के साथ दुराचार , गिरफ्तार

आरोपी जौनपुर। पंवारा थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की रात घर में सो रही किशोरी को उठा ले जाकर दुराचार करने के आरोपित को पुलिस ने सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस किशोरी और आरोपित का डीएनए टेस्ट कराने की प्रक्रिया में जुटी है। 14 वर्षीय किशोरी घर में अकेली थी। परिजन उसके बीमार हो गए बड़े भाई को उपचार के लिए लेकर मछली शहर गए थे। आरोप है कि किशोरी के घर के पास स्थित स्कूल में ठहरे बिहार के तीन मजदूर रात में उसके घर में घुसे। उसका मुंह दबाकर उठा ले गए और कुछ दूरी पर पुलिया के नीचे ले जाकर उनमें से एक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान किसी के आने की आहट सुनाई पड़ने पर आरोपित उसे छोड़कर भाग गए। किसी तरह घर पहुंची पीड़िता ने स्वजन के घर लौटने पर आपबीती बताई। परिजन ने घटना की सूचना यूपी–112 और थाने पर दी। सीओ मछलीशहर अतर सिंह मौके पर पहुंच गए।

अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलटी कई लोग हुए घायल एक महिला की मौत

फिरोजाबाद। थाना एका क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगला गवे और नगला दोरदा के पास एक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी गयी जिसमें लगभग 15 लोग हुए घायल हो गए जबकि एक महिला की हुई मौत हो गयी मृतका कांति पत्नी बेनी राम निवासी दौरदा उम्र 42 वर्ष अपने परिवार के साथ पलिया सलेमपुर किसी गमी में ट्रैक्टर ट्राली से जा रहे थे दोरदा से कुछ ही दूरी पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया ट्रैक्टर ट्राली पलटने की चीख–पुकार सुन ग्रामीणों ने बचाव करते हुए स्वास्थ्य केंद्र की एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर ले गए. ट्रामा सेंटर पहुंचते ही एक महिला की मौत हो गई .थाना पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस घायलों में पांच लोग गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर भर्ती कराए हैं क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से कोहराम मच गया महिला की मौत की सूचना पर परिवार में हाहाकार मच गया

51बर्षीय होमगार्ड की हृदय गति रुकने से हुई मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। बड़हलगंज के अंतर्गत ग्राम परसिया मिश्र निवासी कमलेश मिश्रा पुत्र रामलखन मिश्रा गोला थाने पर होमगार्ड की ड्यूटी करते थे ।रविवार को उनकी ड्यूटी गोला उपनगर के वेवरी चौराहे पर लगी थी ।वह अपनी ड्यूटी पर तैनात थे अपरान्ह उनकी तबियत बिगड़ने लगी और अचेतावस्था में आ गए।सूचना गोला पुलिस को हुई ।गोला पुलिस आनन फानन में उनको इलाज के लिए सी एच् सी गोला पर लाया। जहाँ डॉक्टर ने देख कर मृत्यु घोषित कर दिया ।सूचना मृतक होमगार्ड के परिजनों को दिया गया ।उनके परिजन भी गोला अस्पताल पर पहुचे।घटना की सूचना पाकर सी एच् सी गोला पर सी ओ गोला जगतनारायण कन्नौजिया एस ओ गोला दिलीप कुमार पांडेय भी मय हमराही पहुँचे। डॉक्टर द्वारा मृत्यु घोषित करने के बाद गोला पुलिस उनके शव को कानूनी कार्यवाही करते हुए पी एम को भेज दिया। मृतक होमगार्ड कमलेश मिश्रा के पीछे उनकी पत्नी मुद्रिका मिश्रा व एक बड़ी लड़की जिसका बिबाह हो चुका है।और दो लड़के सर्वज्ञ कुमार व सूरज कुमार मिश्रा है।दोनों अविवाहित है।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो चुका है।

पंचायत भवन में मनाया गया पंचायती राज दिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। ग्राम सभा करमा मदैनिया पंचायत भवन में ग्राम प्रधान बिनोद जायसवाल की अध्यक्षता में पंचायती राज दिवस मनाया गया ग्राम सभा के बिकास कार्यो की चर्चा परिचर्चा हुई जलनिधि अध्यक्ष इन्द्रजीत शुक्ल द्वारा पेय जल सम्बंधित समस्याओं का जिक्र किया गया उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव छोटे लाल यादव, रविकान्त तिवारी, ईश्वर सिंह, सुनील शुक्ल, सीता देबी,चन्द्रशेखर, राकेश मौर्य,सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे

ग्रामीण क्षेत्रों में बस संचालन के लिये परिवहन मंत्री से मिले राजेश त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। चिल्लूपार विधान सभा क्षेत्र के गोला और उरूवा बजार में बस स्टेशन के निर्माण और ग्रामीण क्षेत्रों में बसों के संचालन तथा टैक्सी संचालकों द्वारा यात्री किराए में किये जा रहे शोषण के लिये परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने की मुलाकात परिवहन मंत्री को अलग–अलग आठ मांग पत्र सौंपते हुए राजेश त्रिपाठी ने उन्हें अवगत कराया कि गोला तहसील मुख्यालय पर बस स्टेशन के निर्माण की मांग वर्षों से चली आ रही है परन्तु बस स्टेशन के लिये जमीन ने होने के कारण बाधा आ रही थी। अब वहां रामजानकी मार्ग पर नगर पंचायत गोला की सीमा के सटे नुआंव गांव में मेरे आखिरी प्रयास व गांव वालों की मदद से जमीन उपलब्ध हो गई है, अब वहां एक भव्य बस स्टेशन का निर्माण कराया जाये। विधायक राजेश त्रिपाठी ने उरुवा बाजार में भी एक बस स्टेशन की मांग करते हुए वहां के टैक्सी चालकों द्वारा बड़े पैमाने पर मनमाना किराया वसूलने की शिकायत की तथा उरुवा से गोरखपुर सरकारी बस चलाने की मांग की ताकि टैक्सी माफियाओं से यात्रियों का शोषण से बचाव हो सके । साथ ही अन्य मांग पत्र में विधायक राजेश त्रिपाठी ने गोरखपुर से सेमरा खुर्द, गोरखपुर से खुटभार, गोला से गोरखपुर, तथा गोरखपुर से पकड़ी–गोला रोड पर परिवहन निगम की बस चलाने के साथ साथ गोरखपुर से उरुवा बाजार, गोरखपुर से गोला बाजार, बड़हलगंज–गोला, उरूवा होते लखनऊ एसी बस और उरूवा, गोला, बड़हलगंज, होते नयी दिल्ली तक एसी बस भी चलाने की मांग की है । विधायक राजेश त्रिपाठी के अनुसार परिवहन मंत्री ने आश्वाश्त किया है कि गोला, उरुवा में बस स्टेशन भी बनेगा और चिल्लूपार के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बस भी चलेगी तथा यात्रियों से मनमानी किराया वसूली पर भी रोक लगाया जाएगा।।

बिजली कटौती से आम जन परेशान

पसही फीटर का बुरा हाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। बिजली रानी कब आती और कब चली जाती है आती भी है तो लो बोल्टेज जहा भीषण गर्मी के महीने में बिजली की ज्यादा जरूरत होती है लेकिन कटौती से और गर्मी से आजीज आकर बिजली को और बिजली बिभाग को लोग कोसते नजर आते है गर्मी के महीने में किसान साग सब्जी लगाता है जिसकी सिचाई भी बिजली के माध्यम से होती है बिजली जीवन का हिस्सा बन गयी है क्योंकि अब मिट्टी का तेल भी नही आता कि लोग प्रकाश के लिए डिबरी जला ले लोगों का कहना है कि बिजली तो आती है लेकिन रुकती नही मेहमान की तरह आती है चली जाती है फिर लोग इन्तजार करते है कि आती होगी कब आयी कब गयी पता नही चलता कारण चाहे जो भी हो बिजली कटौती व लो बोल्टेज से लोग परेशान है सम्बंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है।

पीडब्लूडी मंत्री ने किया 64 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

सीतापुर। सीतापुर की जनता का नमक खाया है जिसे हर हाल में चुकाना है। प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री ने जिस विश्वास के साथ मुझे दायित्व सौंपा है। उस पर खरा उतर कर दिखाऊंगा। यह बात लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में आयोजित शिलान्यास व लोकापर्ण कार्यक्रम में कही। उन्होंने लगभग 64 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में बोलते हुए आने वाले पांच वर्षो में सरकार को बहुत से काम करने है जो सभी को दिखाई पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सीतापुर की जनता का कर्ज चुकाने का समय आ गया है। एक्सप्रेस वे से लेकर गांवों तक सड़कों का जाल बिछेगा। जगह.जगह ओवरब्रिज बनेंगे। लोक निर्माण विभाग बेहद महत्तवपूर्ण विभाग है। जिस विश्वास के साथ मुझे इस विभाग का मंत्री बनाया गया है। उसको चुनौती की तरह स्वीकार कर उस पर खरा उतर कर दिखाऊंगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। गुणवत्ता को परखने के लिए जांच कमेटियां बनेगी और सबसे अधिक निगाह खुद जनता रखेगी। कही पर भी मानक विहीन कार्य होने पर जनता के द्वारा मुझे बताया जाएगा। प्रदेश की जनता ने जिस तरह से इतिहास रचा है वह सरकार पर एक कर्ज है। 35 वर्ष बाद कोई सरकार दोबारा सत्ता में आई है। पीएम व सीएम ने खुला निर्देश है कि एसी में न बैठक कर बाहर निकल कर काम करो। जनता ने जिस विश्वास के साथ तुम्हे सेवा का मौका दिया है उस पर खरा उतर कर दिखाओ। पीएम जहां नए भारत का निर्माण कर रहे है। वहीं प्रदेश के सीएम योगी जी दिन रात काम करने में जुटे हुए है। जिसका असर आने वाले दिनों में दिखेगा।

नारों से नहीं काम का वक्त हैः भाषण के दौरान कुछ लोग जिंदाबाद के नारे लगाने लगे जिस पर जितिन प्रसाद ने कहा कि अब नारे लगाने का वक्त नहीं है काम करके दिखाने का वक्त है। विकास की गंगा शहर से लेकर गांव.गांव तक पहुंचानी है। सीतापुर शहर से लेकर जिले की हर विधानसभा को चमकाने का काम मैं करूंगा।

बोले प्रतिनिधिः कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार सीतापुर आए जितिन प्रसाद से जिले के विधायक मिले और उनसे अपने. अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि उन्हें अपने क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कें तथा बाढ़ का जर्जर एरिया मिला है। इसलिए उनके क्षेत्र में ढेर सारी सड़कें बननी है। वहीं नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने बताया कि शहर के अंदर जाम का झंझट है। लोग बेहद परेशान हो जाते है। कई ओवरब्रिज बनने है। राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही ने कहा कि उनके क्षेत्र में कई सड़कें जर्जर हो गई है। उन्हें बनाया जाना अनिवार्य है। मिश्रिख विधायक रामकृष्ण ने कहा कि नैमिषारण्य में सभी सड़के टूटी है। जिन्हें दुरूस्त कराया जाना है। एमएलसी पवन सिंह ने कहा कि आने वाले समय में सीतापुर के अंदर सड़कों का जाल बिछेगा। विधायक शशांक त्रिवेदी ने अपने क्षेत्र में सड़कों को बनवाए जाने की मांग की। सभी का मांग को पूरा करने का आश्वासन जितिन प्रसाद ने दिया। बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने भी अपने क्षेत्र की सड़कों के दुरूस्तीकरण की मांग की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, राजेश शुक्ला, जया सिंह, नीरज वर्मा झल्लर, जिला सह संयोजक भाजपा मीडिया मनोज त्रिवेदी समेत लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

मंत्री लोक निर्माण विभाग ने जनपद सीतापुर में 6456.99 लाख लागत के 05 कार्यों का किया लोकार्पण शिलान्यास

सीतापुर। जनपद सीतापुर के विभिन्न महत्वपूर्ण मार्ग कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास मंत्री लोक निर्माण विभाग जितिन प्रसाद ने . लोक निर्माण विभाग, निरीक्षण भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया। मंत्री ने 5972.72 लाख की लागत से बनाये गये 03 मार्गों का लोकार्पण किया। जिनकी कुल लम्बाई 47.40 किमी0 है। उन्होंने 484.27 लाख की लागत से बनाये जाने वाले 02 मार्गों का शिलान्यास भी किया। जिनकी कुल लम्बाई 2.60 किमी0 है। लोकार्पण किये गये कार्यों में हरगांव महोली मार्ग किमी0 0 से 34.400 तक चौड़ीकरण जनपद सीतापुर में मतुआ सकरन भोलागंज मार्ग के किमी0 22 से 32 तक चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण तथा थानगांव रामपुरमथुरा गोण्डा देवरिया मार्ग के किमी0 17 से दायें परागीपुरवा होते हुये अली जानपुरवा सम्पर्क मार्ग शामिल हैं। इसी प्रकार शिलान्यास किये गये कार्यों में बसुदहा से बाबा कामेश्वर नाथ मन्दिर होते हुये रसूलपुर ग्वारी सम्पर्क मार्ग एवं चौका नदी लम्बाई 120 मी0 रपटे का निर्माण एवं नाबार्ड के अन्तर्गत खेरवा सम्पर्क मार्ग शामिल हैं। उन्होंने शिलान्यास किये गये कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने हेतु निर्देश भी दिये। कार्यक्रम के दौरान नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरू, कारागार मंत्री सुरेश राही, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, विधायक बिसवां निर्मल वर्मा सहित संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नाबालिक को बहला कर भगाया पुलिस ने दबोचा

नैमिषारण्य,सीतापुर। थाना नैमिषारण्य अंतर्गत नाबालिक लड़की को दूसरे समुदाय के शादीशुदा युवक द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। सूत्रों की माने तो जब तक मामला दो समुदायों के बीच का होने की आग भड़कती उससे पहले ही इसकी गम्भीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने सुराग रसीकर लड़की को बरामद कर युवक को अपनी हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। बतातें चलें कि स्थानीय इलाके के एक गांव की नाबालिक लड़की को गांव का ही फि दा हुसैन बहला फुसलाकर घर से भगा ले गया। फि दा हुसैन पहले से ही शादीशुदा था। जब इस बात की जानकारी लड़की के पिता को हुई तो उन्होंने बेटी को फुसलाकर भगा ले जाने का प्रार्थना पत्र 21 अप्रैल को थाने पर दिया था। नाबालिक दलित लड़की और दूसरे समुदाय के आरोपी का मामला सामने आते ही इसे गम्भीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष दिग्विजय पांडे ने कई टीमें गठित कर नाबालिक को बरामद करने के लिए ताबड़तोड़ छापे मारने शुरू कर दिए तथा मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय कर दिया। दीवान अभय सैनी व विकास चौधरी ग्रामीण वेषभूषा में आरोपी के छिपने के संभावित ठिकाने वाली जगहों में जाकर टोह लेते रहे। . सुबह सटीक जानकारी मिलते ही नैमिष पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए नाबालिक को बरामद करने में सफलता हासिल की। लड़की को महिला सिपाही व परिजनों के साथ मेडिकल परीक्षण व अन्य विधिक कार्रवाई हेतु जिला मुख्यालय भेजा है व आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मेडिकल परीक्षण व अन्य सबूत जुटा रही है ताकि आरोपी पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जा सके।

समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का कार्यकर्ता जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

सीतापुर। . समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का कार्यकर्ता जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद रवि वर्मा का जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव सहित विधायक अनिल वर्मा, पूर्व विधायक राकेश राठौर, अनुपम राठौर ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ भीमराव आंबेडकर, छत्रपति साहू जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव आए हुए पिछड़े वर्ग के सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गत संपन्न हुए चुनाओं के नतीजों से हमे निराश होने की आवश्यकता नहीं है। समाजवादी पार्टी का वोट प्रतिशत 21 प्रतिशत से बढ़कर 33 प्रतिशत हुआ है। कुछ कमियों के कारण हम सीतापुर, महमूदाबाद, बिसवां, सिधौली की सीटे बहुत कम अंतर से हार गए। जिसमें जिला प्रशासन ने भाजपा के एजेंट के रूप में कार्य किया। आप लोग अपने गाँव मोहल्लों मे कम से कम 15 से 20 परिवारों से अनवरत संपर्क जरूर बनाए रखे। इसी वर्ष अक्टूबर– नवम्बर माह में जनपद के 6 नगरपालिका परिषदों और 5 नगर पंचायतों में नगर निकाय चुनाव होने प्रस्तावित हैं। सभी लोग नगर निकाय की मतदाता सूचियों में अपने लोगों के नाम दर्ज कराने के लिए तैयार रहे। पूर्व विधायक राकेश राठौर ने कार्यकर्ताओं मे जोश भरते हुए कहा कि जनता भाजपा के झूठ तंत्र में फ ंसकर अखिलेश यादव के सरकार में कराये हुए अभूतपूर्व कार्यो को भुलाकर पाँच किलो मुफ्त राशन पर वोट किया। जिसका वो खामियाजा भी भुगत रही है। हमें अगले चुनाव के लिए सदैव तैयार रहना होगा और कार्यकर्ताओं का उत्पीडन किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं होगा। यदि किसी कार्यकर्ता का राजनीतिक विद्वेष से प्रताडिघ्त किया गया तो हम सब एकजुट होकर इस बुलडोजर वाली सरकार से संघर्ष करने के लिए सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है। विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि योगी और मोदी की सरकार केवल झूठ बोलकर बनी है। महंगाई चरम पर है भ्रष्टाचार फैला हुआ है, चारों तरफ कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। भाजपा के नेता थाना व तहसील चला रहे हैं। बेरोजगार सड़कों पर भटक रहे हैं उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा ने उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव व लोकसभा चुनाव के लिए आप लोग तैयार रहे। उन्होंने कहा कि सपा के कैडर के नेताओं कार्यकर्ताओं को झूठे केसों मे फँसाकर उनकी सम्पत्तियों को बुलडोजर से ढहाया जा रहा है और उनकी सम्पत्तियों को कुर्क भी किया जा रहा है जोकि सरासर अन्याय है। हम समाजवादी लोग इससे डरने वाले नहीं हैं। इस मौके पर लालसिंह यादव, शंकर लाल बघेल, गया प्रसाद मौर्य, सुधीर पाल, लललन वर्मा, नितिन गौतम, शेखर यादव, श्रीपाल यादव, शंकर लाल यादव, गगन राठौर, प्रेम शंकर कोरी, मुन्ना भार्गव, गुड्डू रस्तोगी, राजकिशोर गौतम, अजय कुमार सविता, गयादीन राठौर, रामभरोसे लोधी, महेश यादव, धनीराम लोधी, राजकरन यादव, पप्पू रस्तोगी, सरनाम सिंह यादव, अजय यादव, श्रीकृष्ण यादव, मुनेन्द्र गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

भाजपा माने गंगोत्री यहाँ सब शुद्ध हो जाते हैः रानू

हरपालपुर,हरदोई।सवायजपुर के भाजपा विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि भाजपा गंगोत्री है।यहां सब शुद्ध हो जाते हैं। सीतापुर जेल में बंद सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान गंगा स्नान के साथ भारत माता की जय बोलकर आए तो उनका पार्टी में स्वागत है। शाम शेखापुर नगरिया गांव में पूर्व प्रधान संघ के अध्यक्ष यतेंद्र पाठक की ओर से आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में आए भाजपा विधायक माधावेंद्र प्रताप सिंह रानू से पत्रकारों ने शिवपाल यादव के आजम खान से मिलने व भाजपा में आने की अटकलों पर सवाल पूछा तो विधायक रानू ने कहा कि भाजपा गंगोत्री है।हमारी पार्टी देश के गरीबों का कल्याण करती है।आजम खान गंगा स्नान कर भारत मां की जय बोल कर आए तो उनका पार्टी में स्वागत है। उन्होंने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि वह दोपहर 12 बजे सोकर उठते हैं। एक–दो घंटे की राजनीति कर जनता का कल्याण नहीं कर सकते। उन्होंने कहा मोदी योगी जैसे 24 घंटे काम करने वाले नेता ही जनता वराष्ट्र का भला कर सकते हैं।

समाधान दिवस पर डीएम, एसएसपी ने सुनी समस्याएं'

फिरोजाबाद। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा थाना शिकोहाबाद एवं मक्खनपुर थाने पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और उनके निराकरण के आदेश भी दिए । जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना शिकोहाबाद एवं थाना मक्खनपुर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा बताया गया कि पुलिस छोटी से छोटी घटनाओ में तत्काल मौके पर पहुँचे एवं आमजन के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण करे ताकि आमजन और पुलिस के बीच की दूरी मिट सके साथ ही जनमानस में पुलिस के प्रति सुरक्षा एवं विश्वास की भावना बढे

शराव के नशे में महिला का हाईवोल्टेज ड्रामा,बुलानी पड़ी पुलिस'

फिरोजाबाद। थाना उत्तर इलाके में कोटला चुंगी पर एक महिला का हाईवोल्टेज ड्रामा . देखने को मिला.इस महिला ने इस कदर हंगामा किया कि राहगीरों को पुलिस तक बुलानी पड़ी पूरा मामला उत्तर कोतवाली इलाके के कोटला चुंगी के पास एक शराव के ठेके का है.यहां एक महिला ने इस कदर ड्रामा किया कि देखने वालों का हजूम इक्ट्ठा हो गया.यह महिला राहगीरों के साथ कभी गाली गलौज कर करती तो कभी उनके साथ धक्का मुक्की करती.वहां पास में खड़ी कई मोटरसाइकिलों की इस महिला ने गिरा कर तोड़ दिया.इस महिला ने कई वार अपना सिर दीवार में मारकर खुद को घायल करने की कोशिश की.महिला का तमाशा देखने के लिए भीड़ इकट्ठी हो गयी जिससे जाम जैसे हालात पैदा हो गए.किसी ने पुलिस को माहिला के इस ड्रामा की जानकारी दी. मौके पर डायल 112 की गाड़ी के साथ थाना उत्तर प्रभारी संजीव दुवे कुछ महिला कांस्टेबलों के साथ पहुंचे और महिला के मुंह पर पानी डाल कर उसे होश में लाने की कोशिश की.स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला ने शराव का सेवन कर लिया है.इधर पुलिस ने एम्बुलेंस के जरिये महिला को जिला अस्पताल भिजवाया. पूछताछ के दौरान महिला ने अपना नाम अनीता और पत्नी का नाम पंकज बताया है

अज्ञात चोरों ने 3 घरों को बनाया निशाना, लाखों के जेवर समेत हजारों की नकदी चोरी

सिधौली,सीतापुर। सिधौली कस्बा में एक समाचार पत्र अभिकर्ता की दुकान व 3 घरों में बेखौफ अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए हजारों रुपये की नगदी व लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए। वहीं एक अन्य खाली पड़े घर का घर में चोरी करने नियत से घर का ताला तोड़ डाले। लेकर खाली घर में कुछ नहीं मिला। चोरी की घटना को अंजाम देकर और फरार हो गए पीडिघ्तों ने कोतवाली सिधौली में लिखित तहरीर दी है। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला बहादुरपुर निवासी समाचार पत्र अभिकर्ता अनिल चौरसिया की दुकान नेशनल हाईवे स्थित बिसवां चौराहा के निकट में बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे पटरा उखाड़ कर प्रवेश कर गये। अनिल चौरसिया के अनुसार दुकान में लगभग 58 हजार की नगदी रखी हुई थी। जो अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली और फरार हो गये। सुबह जब वह 5 बजे दुकान पर पहुंचे तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई सूचना 112 पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। इसी प्रकार सिधौली कस्बा के ही मोहल्ला गांधी नगर दक्षिणी निवासी अवधेश के घर में नगदी व जेवर चोरों ने चोरी की। अवधेश के अनुसार उसके पुत्र पवन के पैर ऑपरेशन के लिए रखे 20 हजार की नगदी व एक लाख के जेवर चोर उठा ले गये। इसी क्रम में मोहल्ला गांधी नगर उत्तरी निवासी विमल मिश्रा पुत्र स्व शिवप्यारे के घर में बेखौफ चोरों ने प्रवेश कर 5 जोड़ी पायल, झुमकी 5 जोड़ी, कंगन करधनी 4 जोड़ी, बिछिया, एक नथ एक कील, 5800 रुपये की नगदी अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। बताते हैं कि विमल कुमार मिश्रा के घर में गुरुवार को लड़की की शादी थी और ही बारात विदा हुई थी। बेटी की विदाई के बाद परिवारीजन सो रहे थे। इसी दौरान बेखौफ चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। विमल मिश्रा के ही घर की दूसरी गली स्थित राकेश कुमार के घर में बेखौफ चोरों ने भी निशाना बनाते हुए उनके बाहर सो रही उनकी पत्नी पुष्पा के तकिए के नीचे से चाबी निकालकर कमरे का ताला खोल दिया। कमरे में रखा बक्सा उठा ले गए। राकेश की पत्नी के अनुसार 13 हजार की नगदी सहित लगभग एक लाख के जेवर चोरी हुए हैं। वहीं राकेश के घर के ही निकट कमलापुर थाना श्रीपालपुर निवासी रामखेलावन के बंद पड़े घर का भी बेखौफ चोरों ने ताला तोड़ दिया। लेकिन चोर वहां से कुछ नहीं ले जा सके। सिधौली एक ही रात में कस्बे के पांच स्थानों पर बीती रात हुई चोरी से कस्बे में हड़कंप मचा हुआ है। आम जनमानस अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। पीडिघ्तों ने सिधौली कोतवाली में सूचना दी है। पुलिस ने पूरे मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

एक करोड बीस लाख रूपये की लागत से बनी बृहद गौशाला

हरदोई।अन्ना मवेशियों से निजात दिलाने के लिए सुरसा क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि सक्रिय हो गए है।जिसकी जमीनी हकीकत भी अब सामने दिखने भी लगी है।इसी कडी में पशुपालन विभाग के सहयोग से एक करोड बीस लाख की लागत से सुरसा विकास खंड के मरसा गांव में बृहद गौशाला का निर्माण करवाया गया। जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक प्रभाष कुमार व भाजपा नेता धनंजय मिश्र ने किया।विधायक ने कहा की प्रदेश की भाजपा सरकार में उसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नही है।छुट्टा गौवशों के उचित रखरखाव और किसान को इनसे निजात मिले जिसके लिए पशुपालन विभाग के सहयोग से मरसा में एक करोड बीस लाख रूपये की लागत से बृहद गौशाला का निर्माण करवाया गया।यहां पर 200 गौवशौं को संरक्षित किया जाएगा।भाजपा नेता धंनजय मिश्र ने कहा की छुट्टा गौवशौं के लिए भी कहीं ना कहीं हम सभी भी जिम्मेदार हैं।क्योंकि ये गौवश कही बाहर के नही हैं,यह सभी यही के ही जिनको क्षेत्रीय किसानों ने ही छोडा हैं।नवनिर्मित गौशाला में हम सभी पशुओं के चारे आदि की व्यवस्था में सहयोग करें।इस मौके पर प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी डाक्टर रामप्रकाश ग्राम प्रधान प्रतिनिधि। राजू यादव,सचिव प्रेमपाल, सत्यपाल सिंह सुमित सिंह,बृजकिशोर, विपिन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करें किसान

जौनपुर। किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी'' अभियान 24 अप्रैल से 01 मई के आयोजन हेतु जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में किया गया। जिला अग्रणी प्रबन्धक अनील कुमार सिन्हा ने अभियान के संबंध में अवगत कराया कि अभियान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के समस्त लाभार्थी कृषकों जिनको पूर्व में किसान क्रेडिट कार्ड जारी नहीं हुआ है को विभिन्न प्रकार के किसान क्रेडिट कार्ड ऋण जैसे – फसली ऋण, पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी के लिए बैकों के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड से संतृप्त किया जाएगा।

अभियान में पात्र कृषकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से भी जोड़ा जाएगा। बैठक में नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक आरिफा सुल्तान ने बताया कि 24 अप्रैल को देश के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमे सभी ऐसे किसान जिन्होने अभी तक किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बनवाया है वो अपने जमीन के दस्तावेज, केवाईसी के साथ किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते है । बैठक में जिलाधिकारी ने ''किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी'' अभियान के संबंध में बताया कि किसान देश की रीढ़ है और किसानों को लाभान्वित करने पर ही देश का सर्वांगीण विकास संभव है एवं किसानों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सक्षम बनाने के लिए ''किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी'' अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। बैठक मे उन्होंने अभियान से संबन्धित विभागों को निर्देश जारी किए कि समस्त विभाग अधिक से अधिक संख्या में कृषकों को अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके। डी डी एम नाबार्ड, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग द्वारा प्रतिभाग किया गया।

समाज सेवा से बड़ा पुण्य नहीं: सरदार नवाब

जौनपर । संस्था इमामे जमाना वेल्फेयर ट्रस्ट ने रमजान के मौके पर जरूरतमंदो को रमजान किट देकर समाज में आपसी भाईचारे का संदेश दिया। नगर के पुरानी बाजार स्थित नवाब मंजिल परिसर में असहाय लोगों को राशन सामग्रियां देने के उपरांत मुम्बई में रह रहे इमामे जमाना वेल्फेयर ट्रस्ट के चेयरमैन सैय्यद सरदार नवाब जैदी ने कहा कि समाज सेवा से बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं। समाज सेवा अगर निःस्वार्थ भाव से की जाए तो मानवता का कर्तव्य सही मायनों में निभाया जा सकता है। हम मानव हैं और मानव होने के नाते हमारा पहला धर्म मानवता का परिचय देना है। लेकिन आज समाज जिस दिशा पर जा रहा है। उसको देखकर ऐसा अहसास होता है कि इंसान में इंसानियत का और आत्मीयता का अभाव होता जा रहा है। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो समाजसेवा के माध्यम से मानवता का परिचय देते रहते हैं। साथ ही समाज के लोगों को मानवता का पाठ भी पढ़ाते हैं। सरदार नवाब ने बताया कि सैय्यद जावेद जैदी जो इस संस्था के संस्थापक है और अपनी रोजी के लिए विदेश मे रहते इसके बावजूद देश वासियों से उनका प्रेम सराहनीय है पिछले कई वर्षों से वह विदेश में रहकर भी समाज कल्याण का कार्य कर रह है ये अपने आप में बहुत ही अद्भुत है। प्रदेश उपाध्यक्ष शकील गाजीपुरी ने कहा कि जीवन में समाजसेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। समाज के प्रत्येक नागरिक को अपने सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों के साथ–साथ समाजसेवा के लिए भी समय अवश्य निकालना चाहिए। गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं उनके उत्थान के लिए इमामे जमाना वेल्फेयर ट्रस्ट हमेशा प्रयासरत रहती है। प्रदेश सचिव इमरान जैदी , प्रदेश महासचिव सैय्यद एहतिशाम रिजवी, जिला अध्यक्ष परवेज जैदी, जिला उपाध्यक्ष सैय्यद हुमायँ जैदी, जहांगीर जैदी ,नगर अध्यक्ष, शहबाज हुसैन,प्रदेश सचिव निसार हुसैन रिजवी, राष्ट्रीय महासचिव सैय्यद नौशाद अली, शम्सी आजाद, प्रदेश अध्यक्ष मौलाना सैय्यद अजीमअब्बास,आगा अहद, सैय्यद लाडले जैदी उपाध्यक्ष पूर्वी उत्तरप्रदेश, जिला अध्यक्ष सैय्यद मुश्ताक आजमगढ, सैय्यद आसिफ जैदी जिलाध्यक्ष फैजाबाद, ने संस्था के कार्य की सराहना की सभी सम्मानित सदस्य और पदाधिकारी गण ने समाज में शांति स्थापित रहे इसके लिए अल्लाह से दुआ की।

छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल

हरपालपुर,हरदोई।स्थानीय कस्बे के एक डिग्री कॉलेज की छात्रा स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के दौरान कॉलेज से फोन लेकर जब घर वापस जा रही छात्रा थी। तभी कस्बे निवासी मुन्ना ने उसके साथ छेड़छाड़ और मारपीट की। पीड़ित छात्रा ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने छात्रा की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी युवक को ककरा तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बीएससी की छात्रा बुधवार को कस्बे के डिग्री कॉलेज में स्मार्टफोन लेने आई थी। तभी युवक ने उसे पकड़ कर बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगा। जब उसने विरोध किया तो छात्रा को मारना पीटना चालू कर दिया पीड़ित छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया ।पुलिस ने छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने हरपालपुर कस्बा निवासी मुन्ना के खिलाफ छेड़छाड़ एवं मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो होंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के वचन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर,न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

कपड़े पर लगे पसीने के दाग को छुड़ाने के लिए अपनाएं ये तरीके

गर्मियों के दौरान पसीना आना सामान्य बात है, लेकिन इसके दाग कपड़ों पर रह जाने बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। खासकर, अगर आप हल्के रंग का आउटफिट पहनते हैं तो इस पर पसीने का पीला दाग दिखाई देने लगता है। वहीं, शर्ट की कॉलर पर पसीने का भूरे रंग का दाग लग जाता है। हालांकि, ऐसे में आप परेशान न होएं क्योंकि कुछ आसान तरीके अपनाकर आप पसीने के दाग कपड़ों से हटा सकते हैं।

हाइड्रोजन पेरॉक्साइड आएगा काम

हाइड्रोजन पेरॉक्साइड का इस्तेमाल करके आप बहुत आसानी से कपड़े पर लगे पसीने के दाग साफ कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक से दो चम्मच हाइड्रोजन पेरॉक्साइड के साथ एक चम्मच नींबू रस का अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को कपड़े की दाग से प्रभावित जगह पर लगाकर पांच से सात मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। समय पूरा होने के बाद कपड़े को सामान्य तरीके से धोकर सुखा दें।

सफेद सिरका भी है प्रभावी

कपड़े से पसीने के दाग साफ करने के लिए सफेद सिरके का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले डिटर्जेंट पाउडर में सफेद सिरका मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बनाएं, फिर इसे कपड़े की दाग वाली जगह पर लगाकर कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद दाग को ब्रश से रगड़कर पानी से धो दें। अगर दाग हल्का हो गया है तो इस प्रक्रिया को दो से तीन बार दोहराएं।

अमोनिया का घोल है असरदारः अगर आपके किसी कपड़े पर पसीने के दाग लग गए हैं तो इन्हें अच्छे से छुड़ाने के लिए आप अमोनिया के घोल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले अमोनिया के घोल को किसी बोतल में डालकर दाग वाली जगह पर छिड़के, फिर कपड़े को साफ पानी से धो लें। इसके बाद कपड़े को सामान्य तरीके से धोकर हवा में सुखाएं। बता दें कि मार्केट से आपको सही दाम में अमोनिया का घोल आसानी से मिल जाएगा।

लिक्विड डिटर्जेंट की लें मदद

अगर आपके किसी कपड़े पर पसीने का दाग लग गया है तो उसे तुरंत साफ करने की कोशिश करें। कपड़े पर दाग लगने के तुरंत बाद उसे गुनगुने पानी में भिगो दें, फिर कपड़े को पानी से निकालकर इस पर लिक्विड डिटर्जेंट लगाकर 5–10 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद एक सॉफ्ट ब्रश की मदद से दाग को रगड़कर कपड़े को साफ पानी से धो लें। यकीनन इससे दाग जल्द ही साफ हो जाएगा।

द लेडी किलर के लिए मनाली में पहली बार शूटिंग करेंगी भूमि पेडनेकर

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर मनाली में अजय बहल की फिल्म द लेडी किलर में नजर आएंगी। वे मनाली में शूटिंग की तैयारी में लगी हुई हैं, जिसमें वह अर्जुन कपूर के साथ नजर

आएंगी। फिल्म में अर्जुन एक प्लेबॉय का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे, जिसे भूमि से प्यार हो जाता है। अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए भूमि ने बताया कि, मुझे घूमना अच्छा लगता है। मुझे इस पेशे से बहुत प्यार है, इसमें कई नई जगहों पर घूमने को मिलता है। मनाली में मैंने पहली बार शूटिंग की है। यात्रा एक कलाकार के रूप में उनके लिए कई पहलुओं को जोड़ती है, उन्होंने आगे कहा एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में मेरी यात्रा मुझे गहराई से प्रेरित करती है। मैं द लेडी किलर को शुरू करने से पहले कड़ी मेहनत कर रही हूं। फिल्म का कंटेट अच्छा है। मैं अर्जुन के साथ भी पहली बार काम कर रही हूं और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि हम अजय बहल की पटकथा को जीवंत करने के लिए कैसे भूमिका को परिभाषित करते हैं। भूमि के पास आने वाले समय में बहुत फिल्में हैं। भूमि अनुभव सिन्हा की भीड़, शशांक खेतान की गोविंदा नाम मेरा, अक्षय कुमार–स्टारर रक्षा बंधन, सुधीर मिश्रा की अफवा और गौरी खान की भक्षक में नजर आएंगी।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी होने का यह सबसे अच्छा समय हैः अपारशक्ति खुराना



दंगल, स्त्री, स्ट्रीट डांसर, हेलमेट जैसी कई परियोजनाओं में अभिनय से लेकर गाना गाने और वीडियो गाना बल्ले नी बल्ले तक अपारशक्ति खुराना छाए हुए हैं। उनका कहना है कि उनका रुकने की कोई योजना नहीं है, क्योंकि यह एक कलाकार के लिए हर रास्ते तलाशने का सही समय है।

जबकि उनके नए रिलीज संगीत वीडियो बल्ले नी बल्ले को बहुत प्यार मिल रहा है। स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि बॉलीवुड अभिनेता होने के नाते वह संगीत वीडियो क्यों कर रहे हैं।

अपारशक्ति ने कहा, मैं गायन, अभिनय, वॉयस–ओवर का काम, होस्टिंग और बहुत कुछ–सब करूंगा। आप देखिए, पहले, संगीत वीडियो युवा अभिनेताओं को खोजने के माध्यमों में से एक था। अब, चीजें पूरी तरह से बदल गई हैं। मुझे गाना पसंद है। संगीत में मेरे दोस्त हैं। इसलिए जब मैं एक गाना गाता हूं, तो यह एक दोस्त के साथ सहयोग करने जैसा होता है। साथ ही मुझे लगता है कि यह एक बहुमुखी कलाकार होने का सबसे अच्छा समय है।

जबकि उन्होंने उल्लेख किया कि वह अपने करियर की रणनीति नहीं बनाते हैं, लेकिन हालात के साथ जाते हैं, यह पूछे जाने पर कि क्या उनके संगीत करियर के लिए कोई प्राथमिकता निर्धारित है, अपारशक्ति ने कहा, मुझे लगता है कि अभिनय मेरा पहला प्यार है और अभिनय ने मुझे मैप पर रखा। इसीलिए अभिनय मेरा पहला प्यार है।

वर्तमान में, अभिनेता अपने आगामी विक्रमादित्य मोटवानी के वेब शो स्टारडस्ट, बर्लिन, ध्ाोखा और जब खुली किताब जैसी फिल्मों में व्यस्त हैं।

जबकि जीवन का अनुभव उन्हें एक परिपक्व कलाकार बना रहा है, अपारशक्ति ने साझा किया कि कैसे एक व्यक्ति के रूप में पितृत्व ने उन्हें बदल दिया है।

मुझे लगता है कि बेटी का पिता बनने के बाद, मैं भावनात्मक गहराई प्राप्त कर रहा हूं। हम स्क्रीन पर जो कुछ भी महसूस करते हैं, वह जीवन के अनुभव से भीतर से आता है। मुझे लगता है कि पितृत्व बिना शर्त प्यार के सबसे शुद्ध रूपों में से एक है। अनुभव किया है, प्यार के अलावा हमें अपने माता–पिता, खासकर मां से मिलता है। तो हां, मुझे लगता है कि मैं भावनात्मक रूप से एक अमीर व्यक्ति हूं!

तब्बू, विजय वर्मा और मनोज बाजपेयी द सैंडमैन में देंगे अपनी आवाज

नील गैमन की सबसे ज्यादा बिकने वाली ग्राफिक नॉवेल सीरीज द सैंडमैन के हिंदी वेरिएंट के कलाकारों की घोषणा की गई। द सैंडमैन में तब्बू को एंकर के रूप में, विजय वर्मा को मॉर्फियसध्ड्रीम की मुख्य भूमिका में, मनोज वाजपेयी को डॉक्टर डेस्टिनी के रूप में और नीरज काबी को लूसिफेर के रूप में दिखाया जाएगा।

इसके अलावा, इसमें जॉन कॉन्सटेंटाइन के रूप में आदर्श गौरव, डेथ के रूप में कुब्रा सैत, डिजायर के रूप में सुशांत दिवगीकर और कैलीओप के रूप में तिलोत्तमा शोम भी हैं।

ऑडिबल इंडिया के वीपी और कंट्री जीएम शैलेश सावलानी ने आगे बताया कि, द सैंडमैन एक सांस्कृतिक घटना है जिसने उत्साही लोगों को प्रभावित किया है। हम भारत की कुछ सबसे प्रसिद्ध, प्यारी और प्रतिष्ठित आवाजों को एक साथ लाने के लिए रोमांचित हैं। हमें विश्वास है कि प्रशंसक और श्रोता इसे पसंद करेंगे।

रोजाना एक गिलास नींबू पानी के सेवन से मिलते हैं ये स्वास्थ्य संबंधी फायदे

नींबू पानी का सेवन सिर्फ शरीर को हाइड्रेट रखने तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देने में भी सक्षम है। इसका मुख्य कारण यह है कि नींबू विटामिन– सी और कई ऐसे पोषक तत्वों से समृद्ध होता है, जो शरीर को डिटॉक्स करने के साथ–साथ कई बीमारियों के जोखिम कम करने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। आइए आज जानते हैं कि रोजाना एक गिलास नींबू पानी पीने से क्या–क्या फायदे मिल सकते हैं।

पाचन क्रिया के लिए है लाभदायकः रिसर्चगेट की वेबसाइट पर प्रकाशित एक शोध के अनुसार, नींबू पानी में फाइबर मौजूद होता है, जो पाचन क्रिया में सुधार के लिए बहुत लाभप्रद है। फाइबर शरीर में गैस्ट्रिक एंजाइम के उत्पादन को संतुलित करके पाचन क्रिया को बेहतर बनाने और पाचन संबंधित समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। पाचन को दुरुस्त रखने में हल्के गर्म नींबू पानी का सेवन करें और इसमें चीनी की जगह शहद मिलाएं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करने में है सहायकः नींबू पानी का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करने में काफी मदद कर सकता है।

एक शोध के मुताबिक, नींबू पानी विटामिन– सी का बेहतरीन स्त्रोत होता है, जो एंटी–ऑक्सीडेंट की तरह कार्य करके रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर सकता है। इसके अतिरिक्त, इसमें मौजूद एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–इंफ्लेमेटरी और अन्य गुण शरीर को रोगों से लडने की शक्ति भी प्रदान करते हैं।

त्वचा के लिए भी है फायदेमंदः नींबू पानी न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि त्वचा के लिए भी लाभकारी साबित हो सकती हैं क्योंकि इसमें मौजूद विटामिन– सी एक अच्छा एंटी–ऑक्सीडेंट तो होता ही है, इसके साथ ही यह त्वचा के लिए एक प्रभावी एस्ट्रिनजेंट की तरह भी काम करता है। एस्ट्रिनजेंट त्वचा के रोमछिद्रों को छोटा करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, यह त्वचा से सीबम के स्राव को नियंत्रित करने में भी मददगार साबित हो सकता है।

ताजा सांस के लिए करें नींबू पानी का सेवनः नींबू पानी में एंटी–बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो मुंह के कीटाणुओं को दूर कर मुंह की बदबू से राहत दिलाने में सहायक होते हैं। इसके अलावा, नींबू पानी में मौजूद मेंथॉल की वजह से इससे ताजगी का एहसास मिलता है और इस वजह से माउथ फ्रेशनर के रूप में भी इसका सेवन किया जा सकता है। इन्हीं फायदों की वजह से नींबू पानी का सेवन मुंह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता है।